



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 64 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 05 दिसम्बर 2024 डाक 06 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया नई दिल्ली में 25 नए चार्जिंग स्टेशनों के उद्घाटन के दौरान





**देश-विदेश**
सीमावर्ती क्षेत्रों की गतिविधियों पर चीन के साथ होगी चर्चा, एस जयशंकर ने ड्रैगन को लेकर दिया बड़ा बयान





**फीचर पेज**
सर्दियों में तमाम लोग नहाते हुए करते हैं ये गलती डैंड्रफ की है सबसे बड़ी वजह




# अदाणी मामले पर विपक्ष का संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन, वक्फ पर जेपीसी की बैठक

**नईदिल्ली, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

संसद के दोनों सदनों में अब तक भारी हंगामा और नारेबाजी देखी गई है। लोकसभा और राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में तकरार बनी हुई है। हालांकि, बीते दो दिनों से सदनों की कार्यवाही चल रही है। आज भी दोनों सदनों में हंगामे के आसार हैं। कांग्रेस सांसद और महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि अदाणी मामले में, इस देश में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है और सरकार इस पर चर्चा करने के लिए तैयार है, वे अदाणी का नाम सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। हम देश को बताना चाहते हैं कि यह सबसे बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन सदन इसपर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा, राहुल गांधी हाथ में संविधान की किताब लेकर



संविधान तोड़ने की बात कर रहे थे। उनका काम वहां (संभल) जाना नहीं था, दरअसल उन्हें अपना फोटो सेशन पूरा करना था, उनकी सहानुभूति संभल या वहां के लोगों से नहीं है। उनकी सहानुभूति अपने वोट बैंक से है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे का वोट बैंक खींचना चाहती हैं, दोनों में आपसी प्रतिद्वंद्विता है, एक गया तो उसे देखकर दूसरे भी जाएंगे। राज्यसभा की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई है।

वहीं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी जी अदाणी का जांच नहीं करा सकते क्योंकि वह अगर जांच कराएंगे तो वह अपनी ही जांच कराएंगे। पीएम मोदी और अदाणी एक है ये दो नहीं है। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी जी अडानी जी का जांच नहीं करा सकते क्योंकि वह अगर जांच कराएंगे तो वह अपनी ही जांच कराएंगे। पीएम मोदी और अडानी एक है ये दो नहीं है। अदाणी मामले पर विपक्ष ने संसद परिसर में किया विरोध प्रदर्शन। इस विरोध प्रदर्शन में राहुल गांधी भी शामिल हुए।

## मनोनीत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस श्री सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद रवाना हुए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ लेने से पहले देवेंद्र फडणवीस सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे. यहां उन्होंने भगवान गणेश के दर्शन किए। आज शाम फडणवीस महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ लेने जा रहे हैं। वह तीसरी बार राज्य के सीएम की कमान संभालेंगे। मुंबई के आजाद मैदान में शाम 5.30 बजे देवेंद्र फडणवीस शपथ लेंगे। उनके साथ अजित पवार भी डिप्टी सीएम पद की शपथ लेंगे। एकनाथ शिंदे भी डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ले सकते हैं, हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू भी शामिल होंगे।

## शीतकालीन अवकाश 23 दिसंबर से

**रायपुर, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

दिसंबर का महीना शुरू होते ही कई राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। उत्तर भारत के राज्यों की बात करें तो वहां पर बर्फबारी शुरू हो चुकी है। वहीं, मैदानी इलाकों में भी इस बार जमकर ठंड पड़ रही है, जिसके चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। हालात को देखते हुए कुछ जगहों पर स्कूलों के टाइम टेबल में बदलाव किया गया है। वहीं, कुछ राज्यों में शीतकालीन अवकाश का भी ऐलान कर दिया गया है। वहीं कुछ राज्यों में स्कूली छात्र सर्दियों की छुट्टियों की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार ने पहले ही शीतकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक प्रदेश के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल, प्राइवेट स्कूल एवं बिएड/डीएड कॉलेज बंद रहेंगे। वहीं, 29 दिसंबर को रविवार रहेगा। इसके बाद अब प्रदेश में लगातार 7 सरकारी छुट्टी रहेगी।




## ट्रक-कार टक्कर में तीन लोगों की मौत, दो घायल



**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले के बसिया में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी मृतक रांची के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, बसिया थाना के पास देर रात रांची की ओर आ रही कार और गुमला की तरफ जा रहे ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार लोग एक शादी समारोह में शामिल होने सिमडेगा गए थे और वहां से वापस रांची आ रहे थे। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को क्षतिग्रस्त कार से घायलों और मृतकों को बाहर निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी।

# बिटकॉइन की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, ट्रंप की जीत का कमाल, एक लाख डॉलर के पार पहुंचा आंकड़ा

**वाशिंगटन, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिल रही है। बिटकॉइन की कीमत एक लाख डॉलर के पार पहुंच गई है। गुरुवार को बिटकॉइन की कीमत में 5.9 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई और यह 1,01,438.9 डॉलर प्रति बिटकॉइन के स्तर पर पहुंच गई है। दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के चलते निवेशक क्रिप्टो करेंसी में निवेश को लेकर



खासे उत्साहित हैं। यही वजह है कि बिटकॉइन की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। डोनाल्ड ट्रंप को क्रिप्टो करेंसी समर्थक माना जाता है। ऐसे में निवेशकों को उम्मीद है कि ट्रंप सरकार में क्रिप्टो के लिहाज से बेहतर रेगुलेटरी माहौल बन सकता है।

ट्रंप ने अपनी सरकार में पॉल एटकिंस को सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला किया है। एटकिंस को क्रिप्टो करेंसी का बड़ा समर्थक माना जाता है। ये भी एक वजह है कि पॉल एटकिंस की नियुक्ति से क्रिप्टो बाजार उत्साहित है और निवेशकों को उम्मीद है कि अमेरिका में क्रिप्टो करेंसी से संबंधित रेगुलेशन कुछ आसान और बेहतर बनाया जाएगा।

## 200 करोड़ ठगने वाला आरोपी पुलिस हिरासत में खा रहा मनपसंद डिश



**सूरजपुर, 05 दिसम्बर।**

सूरजपुर में रुपए डबल करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी अशफाक उल्ला इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। हाल ही में सोशल मीडिया पर आरोपी अशफाक उल्ला की एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें पुलिस द्वारा उसे VIP ट्रीटमेंट दिए जाने की तस्वीर सामने आई है।

VIP ट्रीटमेंट का फोटो खूब वायरल हो रहा है। कोतवाली थाने का यह पूरा मामला बताया जा रहा है। आरोपी अशफाक उल्ला 6 दिनों से पुलिस रिमांड पर है। आरोपी पर 200 करोड़ की ठगी करने का आरोप है। शिकायतकर्ताओं के शिकायत की जांच कर सूरजपुर पुलिस मामलों में अपराध दर्ज करेगी।

# संभल हिंसा की मजिस्ट्रियल जांच में अब नौ दिसंबर को होंगे बयान

## SDM-CO समेत कई लोगों के स्टेटमेंट होने हैं दर्ज



**संभल, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

संभल हिंसा की मजिस्ट्रियल जांच के लिए नियुक्त डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी ने अब नौ दिसंबर को पक्ष रखने का दिन निर्धारित किया है। क्योंकि इस प्रकरण में सभी संबंधित अधिकारियों, जिनमें सीओ संभल, एसडीएम, कोतवाल और हल्का उप निरीक्षक को नोटिस जारी कर 30 नवंबर को बहजोई में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था। हालांकि, न्यायिक आयोग की टीम के आगमन और अन्य सुरक्षा संबंधी कार्यों के कारण अधिकारी अपना पक्ष नहीं रख सके, जिसके बाद डिप्टी कलेक्टर मुरादाबाद में मंडल आयुक्त की बैठक में शामिल हो गए। शुक्रवार को जुमे की नमाज होने के कारण अब डिप्टी कलेक्टर ने पक्ष रखने की नई तिथि नौ दिसंबर निर्धारित की है। जांच के दौरान पुलिस रिपोर्ट, हिंसा से जुड़े वीडियो फुटेज और करीब 100 से अधिक व्हाट्सएप वीडियो का अध्ययन किया जा रहा है। हिंसा के दौरान गोली किसने चलाई, वह किसे लगी, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के तथ्यों का सत्यापन किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर ने सभी पक्षों को दोबारा नोटिस भेजा है और बयान दर्ज करने के बाद मृतक परिवारों के भी बयान लिए जाएंगे। जांच अधिकारी ने निष्पक्ष और गहन जांच का आश्वासन देते हुए कहा कि अखबारों में प्रकाशित खबरों और कटिंग को भी शामिल किया जाएगा ताकि हर पहलू स्पष्ट हो सके और हिंसा से जुड़े हर तथ्य की गहराई से पड़ताल की जा सके। 30 नवंबर को जिन लोगों के लिए पक्ष रखने के लिए कहा गया था, वह व्यस्तता के कारण नहीं आ सके थे न्यायिक आयोग की जांच के चलते भी कामकाज प्रभावित हुआ था।

### संभल हिंसा: विदेशी फंडिंग का एंगल आया सामने, पाकिस्तानी कारतूस मिलने के बाद एजेंसियों को मिली अहम जानकारी

संभल के मोहल्ला कोटगर्वी में टंकी रोड पर कूड़े में पाकिस्तान और अमेरिका निर्मित खोखा और कारतूस मिलने के बाद पुलिस प्रशासन के साथ ही खुफिया तंत्र भी अलर्ट हो गया हैं। एलआईयू ने दिनभर जामा मस्जिद के पीछे वाली सड़क पर मेटल डिटेक्टर की मदद से नाले-नालियों में और विदेशी कारतूसों की तलाश की, लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगा। पुलिस की टीमों को छानबीन के दौरान जामा मस्जिद के पीछे टंकी रोड पर पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्टरी में बने 9 एमएम का एक खोखा, एक कारतूस और अमेरिका में निर्मित कारतूस के दो खोखे मिले थे। इसके अलावा .32 बोर के भी दो अन्य खोखे मिले थे। विदेशी कारतूस और खोखे मिलने के बाद पुलिस विदेशी फंडिंग के एंगल से भी जांच में जुट गई है।

## भाजपा नेता प्रवीण नेट्टारू हत्या केस में एनआईए का एक्शन, 16 जगहों पर छापेमारी



**बंगलूरू, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को कर्नाटक में 16 जगहों पर छापेमारी की है। बताया गया है कि एजेंसी की तरफ से यह जांच भाजपा नेता प्रवीण नेट्टारू की हत्या से जुड़े मामले में की जा रही है। भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य प्रवीण नेट्टारू की बेल्लारी में 26 जुलाई 2022 में उनकी दुकान के सामने एक वाहन में सवार तीन लोगों ने हत्या कर दी थी। सुलिया तालुक के बेल्लारे गांव में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के किलर स्क्वॉड या सर्विस टीम्स ने कथित तौर पर उनकी हत्या कर दी थी। कर्नाटक सरकार की सिफारिश के बाद तीन अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एनआईए को इस मामले की जांच सौंपने का आदेश दिया था। मामले में पहले 27 जुलाई को दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारे पुलिस थाने में पहला मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद चार अगस्त को एनआईए ने फिर से मामला दर्ज किया था।

# सरपंच रहे 2 नेताओं की हत्या नक्सलियों ने दिया वारदात को अंजाम

**बीजापुर, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**



जिले में नक्सलियों ने एक ही दिन में 2 पूर्व सरपंचों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने आज भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के सुकलु फरसा और कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को मौत के घाट उतार दिया। माओवादियों ने दोनों सरपंचों का अलग-अलग स्थान से अपरहण किया था, जिसके बाद उनकी निर्मम हत्या कर दी। नक्सलियों ने 2 नवंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के बिरयाभूमि गांव के रास्ते से पूर्व सरपंच सुकलु फरसा का अपहरण कर लिया था। वहीं नैमेड थाना क्षेत्र कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को नक्सलियों ने मुर्गा बाजार से अगवा किया था और अब दोनों की हत्या कर दी गई है।

नक्सलियों ने पूर्व सरपंच सुकलु फरसा के शव पर प्रेस नोट भी जारी किया है जिसमें माओवादियों ने उनपर भाजपा पार्टी से जुड़ने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही लिखा कि तीन बार उन्होने पूर्व सरपंच को पार्टी से दूरी बनाने की चेतावनी दी थी। लेकिन उनकी बात नहीं मानने पर चौथी बार में नक्सलियों ने पूर्व सरपंच की हत्या कर दी है।

# पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान हैदराबाद में बेकाबू हुई भीड़, भगदड़ में एक महिला की मौत, 2 घायल

**नईदिल्ली, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अल्लू अर्जुन को देखने के लिए फैंस कितने क्रेजी हो उठते हैं ये बात किसी से छिपी नहीं है। इसी का नतीजा है कि उनकी फिल्म पुष्पा 2 के अनाउंसमेंट के बाद से पब्लिक के बीच इसकी दीवानगी देखी जा सकती थी। वहीं ट्रेलर रिलीज और बीच बीच में आ रहे इसके पोस्टर ने उनकी उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया था अब आखिरकार 5 दिसंबर को पुष्पा 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। सुबह से ही सिनेमाघरों में भारी भीड़ देखने को मिली।



वहीं हैदराबाद में रिलीज से एक दिन पहले फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई थी। जहां अल्लू अर्जुन को देखने के लिए अचानक से भगदड़ मच गई जिसमें एक महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। दरअसल हैदराबाद के संध्या थिएटर में इसका प्रीमियर रखा गया था। इस मौके पर अल्लू अर्जुन भी थिएटर में मौजूद थे। हालांकि, स्टार की मौजूदगी के कारण भीड़ को काबू करना मुश्किल हो गया। इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए भारी संख्या में लोग भी वहां पहुंचे। बेकाबू भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके लिए प्रशासन ने हल्का लाठीचार्ज भी किया। मृतक महिला का नाम रेवती बताया जा रहा है।

पुलिस ने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन भी दिया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। एक निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। वहीं एक घायल लड़के को भी अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। एक अधिकारी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि ऐसी संभावना है कि महिला अपने बच्चों को बचाने की कोशिश कर रही थी जब वह भीड़ में फंस गई। इस दौरान मची भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य लोग जख्मी हो गए।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# जब से लगा घर में नल, रस्सी डालकर बाल्टी खींचकर नहीं लगाना पड़ता बल

## वृद्धा विपदी बाई को मिली कुएं जाने से मुक्ति



कोरबा । कई साल पहले विपदी बाई को कुएं से पानी भरने में कोई तकलीफ नहीं थीं। वह बड़े-बड़े बर्तन लेकर कुएं के पास जाती थी और कुएं में रस्सी डालकर बड़ी ही आसानी से बाल्टी डालकर पानी खींच निकालती थी। यह काम सुबह-शाम ही नहीं चलता था, घर में जब भी पानी की जरूरत होती थी कुएं तक का सफर चलता ही रहता था। समय बीतता गया, विपदी बाई ऐसे ही पानी कुएं से भरती रही। धीरे-धीरे उम्र बढ़ने के साथ विपदी बाई का शरीर जवाब देने लगा, घर में पानी की जरूरत तो बढ़ती चली गई, लेकिन कुएं में बाल्टी डालकर रस्सी से पानी से भरी बाल्टी को खींच पाना आसान नहीं रह गया। कई बार तो वह पानी से भरी आधी बाल्टी पानी को कुएं से खींचती और अपनी किस्मत को कोसती। यह सिलसिला कई महीनों तक चलता रहा, लेकिन वृद्धा विपदी बाई की मुश्किलें कम नहीं हुई। एक दिन जब जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव में घर-घर पाइप लाइन बिछाकर नल कनेक्शन दिया जाने लगा तो विपदी बाई को यह सब कुछ दिनों का खेल लगा। घर पर नल कनेक्शन लगने के पश्चात आखिरकार जब नल चालू की गई तो विपदी बाई के घर में लगे नल से भी पानी आने लगा। विपदी बाई के लिए यह किसी बड़े उपकार से कम नहीं था। घर पर ही पानी मिल जाने से विपदी बाई ही नहीं उसकी जैसी अनेक वृद्ध महिलाओं को कुएं जाने और कुएं में रस्सी डालकर पानी का भार खींचने शारीरिक थकावट वाले बल से आजादी मिल गई। घर में ही नल कनेक्शन मिलने से उन्हें कुएं से घर तक बर्तन का भार सिर में उठाने से भी मुक्ति मिल गई।

करतला विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तरदा के आश्रित ग्राम बैगापाली की विपदी बाई ने बताया कि पहले कुएं से ही पानी भर कर लाना पड़ता था। एक उम्र तक कुएं से पानी निकालने में कोई तकलीफ नहीं थी लेकिन उम्र होने के बाद कुएं में रस्सी डालकर पानी से भरी बाल्टी खींच पाना आसान नहीं है। घर में नल का कनेक्शन लगने और पानी मिलने के बाद कुएं से पानी लाना बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि घर पर ही पानी मिलने से उनकी बड़ी समस्या का अंत हो गया है। घर के लिए खाना पकाने तथा अन्य घरेलू कार्य हेतु पानी की आवश्यकता लगातार बनी रहती है। अब उन्हें सिर पर पानी से भरा बर्तन सिर पर लादकर घर तक नहीं लाना पड़ता। घर पर मौजूद विपदी बाई के पति खुबूदास ने बताया कि पहले पानी के लिए उनकी पत्नी को कुंए तक जाने से घर का काम प्रभावित होता था।

अब नल में समय पर पानी आता है। अपनी जरूरत अनुसार जितना पानी चाहिए घर में इक्ट्ठा कर लेते हैं। उन्हें स्वच्छ पानी मिलने लगा है। उन्होंने बताया कि पानी का स्वाद भी अच्छा है। बैगापाली में नल कनेक्शन के संबंध में पीएचई के ईई श्री ए के बच्चन ने बताया कि बैगापाली में जल जीवन मिशन हमर गांव हमर पेयजल अंतर्गत सोलर ड्यूल पंप के माध्यम से घरों में नल का कनेक्शन दिया गया है। नल कनेक्शन से खुश विपदी बाई ने बताया कि उन्हें महतारी वंदन योजना से हर माह एक हजार की राशि भी मिलती है। इससे घर का जरूरी खर्च के लिए पैसे का इंतजाम हो जाती है।



## कोरबी धतुरा में 450 क्विंटल तथा नुनेरा में 50 क्विंटल धान जब्त

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा अवैध धान पर कार्यवाही के दिए गए निर्देशों के तहत राजस्व विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज रमाकांत राठौर, पिता बलराम राठौर, गांव कोरबी धतुरा, तहसील हरदीबाजार के मकान सह गोदाम से 1125 बोरा/450 क्विंटल के लगभग धान की जब्ती की गई। पाली एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे के मार्गदर्शन में राजस्व की टीम तहसीलदार विष्णु पैंकरा, नायब तहसीलदार आर. एस. सोनी, खाद्य निरीक्षक सुरेंद्र लांझी, मण्डी निरीक्षक आकाश भारद्वाज एवं दिनेश कुमार द्वारा उक्त कार्यवाही की गई। इसी तरह ग्राम नुनेरा में व्यापारी संतोष साहू, पिता सखाराम साहू के यहां संयुक्त जांच दल राजस्व विभाग से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार खाद्य विभाग की टीम ने 125 बोरी/50 क्विंटल धान जब्त किया।

## जीव-जंतुओं की आवाज व शारीरिक संरचना जानी विद्यार्थीयों ने

### छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा का शासकीय प्राथमिक शाला गढ़कटरा में आयोजित

कोरबा । छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा कोरबा इकाई द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला गढ़कटरा कोरबा में भोपाल गैस त्रासदी और वन्य प्राणी संरक्षण दिवस के अवसर पर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के माध्यम से छात्रों ने जीव-जंतुओं की शारीरिक रचना को समझने के लिए और उनकी पहचान करने के लिए रंग-बिरंगी क्ले द्वारा क्ले मॉडल बनाये, रंगों से लीफ प्रिंटिंग की गई और चित्र उकेरे गए। सभी बच्चों को जीव-जंतुओं के बचाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

विभिन्न प्रकार की जीव-जंतुओं की आवाजों को जानने के लिए जानकारी दी। स्तनधारी जीव जैसे हाथियों, बिल्लीयों, नेवलो, उदबिलाव, विषैले विषहीन सर्प, पक्षियों, कीट के संबंध में रोचक जानकारी निधि सिंह द्वारा दयी। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक उक्त चर्चा मे भाग लिया।

विभिन्न प्रकार के रसायनों का उपयोग करने में सावधानी और आग लग जाने की स्थिति में बचाव के उपाय छात्र-छात्राओं को बताए गए। आलू-मिर्ची-चाय जी, कौन कहां से आये जी. का गायन किया और उत्साहित हो कर कार्यशाला मे भाग लिया। कार्यशाला में सभी छात्र-छात्राओं को अंजू मेश्राम द्वारा प्रदान की गयी पुस्तकों का वितरण किया गया।

शासकीय प्राथमिक शाला गडकटरा के शिक्षक श्रीकांत सिंह एवं अजय कुमार कोसले द्वारा विशेष सहयोग दिया गया और कार्यक्रम को सफल बनाया गया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा से निधि सिंह, दिनेश कुमार और कमलेश दास द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# 30 करोड़ से बनने वाले संजय नगर अंडर ब्रिज को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की मुश्किल न होने पाए नागरिकों को, इसका रखें ध्यान



कोरबा । कोरबा नगर में आवागमन की सुगमता के लिए शहर के प्रमुख स्थान सुनालिया नहर रेल्वे क्रांसिंग मार्ग पर निर्मित होने जा रहे अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य के दौरान सुनालिया पुल, पावर हाउस रोड में बनने वाले यातायात के दबाव व निर्मित्त होने वाली जाम की स्थिति के मद्देनजर यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अंडरब्रिज निर्माण कार्य को सुगमता से लागू करने के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने नहर मार्ग के दोनों बैंकों का भी अवलोकन किया और निर्माण कार्य के दौरान ट्रैफिक की परेशानी से निपटने एवं वाहनों के व्यवस्थित परिवहन हेतु तैयार किए जाने वाले वैकल्पिक मार्ग का भी जायजा लिया। उन्होंने वैकल्पिक मार्ग से गाड़ियों के आवगमन हेतु उचित मर्जिंग पॉइंट का चयन करने एवं यथोचित स्थानों पर स्टॉपर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को वैकल्पिक मार्ग को प्रभावी रूप से तैयार करने के निर्देश दिए जिससे अंडरब्रिज निर्माण के दौरान आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गौरतलब है कि कोरबा पुराने शहर, पावर हाउस रोड , सुनालिया पुल आदि पर बढ़ते यातायात के दबाव व दीर्घकालीन आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सुनालिया पुल के समीप अंडरब्रिज का निर्माण कराया जाना है। उक्त अंडरब्रिज का निर्माण कार्य अब शीघ्र प्रारंभ होगा, निर्माण कार्य के दौरान सुनालिया पुल, पावर हाउस रोड व पुराने कोरबा शहर की यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, जाम की स्थितियाँ निर्मित न हों, आवागमन व्यवस्था सुगम बनी रहे, इसके मद्देनजर वैकल्पिक मार्ग को प्रभावी रूप से तैयार करने की आवश्यकता होगी। कलेक्टर ने सुनालिया पुल से अग्रसेन तिराहा एवं डीडीएम रोड, लायंस उद्यान मार्ग आदि का अवलोकन कर आवागमन के वैकल्पिक मार्ग तैयार करने के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया, साथ ही इसके विभिन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर भी विचार विमर्श किया। उन्होंने सुनालिया पुल, टीपी नगर चौक सहित मुख्य मार्ग में यातायात दबाव एवं आवागमन स्थिति का भी अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीशनल एसपी श्रीमती नेहा वर्मा, श्री यू बी एस चौहान, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज बंजारे, एसडीएम श्री सरोज महिलांगे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 09 दिसंबर को आयोजित

कोरबा । लोकसभा सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 09 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। बैठक में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (सभी के लिए मकान शहरी), प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू- अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम आदि योजनाएं शामिल हैं। बैठक में संबंधित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

# नए स्कूल भवन निर्माण के कार्य अप्रैल 2025 तक हर हाल में पूर्ण करने की बनाई जाए योजना

## प्रशासन ने समय-सीमा की बैठक में एजेंसी को किया निर्देशित



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को निश्चित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खनिज न्यास मद से स्वीकृत नए स्कूल भवन का निर्माण हर हाल में अप्रैल 2025 के तक पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि नए सत्र नए विद्यालयों में प्रारंभ हों। निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के साथ ही हैंड ओवर करने की भी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की है।
कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति के दो माह के भीतर अनुबंध कर लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्ल्स हॉस्टल, दिव्यांग विद्यालय के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिए जायें। इसके साथ ही विद्यालयों में अतिरिक्त भवन निर्माण मरम्मत आदि के कार्य भी निश्चित समय सीमा में पूर्ण करा दिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि दिव्यांग विद्यालय भवन, स्कूल, आश्रम छात्रावास, वृद्धाश्रम आदि वंचित वर्गों के लिए किए जाने वाले निर्माण कार्यों को ध्यान में रखकर प्राथमिकता से पूर्ण कराए जाएं।

उन्होंने विभागों को निर्देश दिए कि जिले में खनिज न्यास के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास करें। ट्रांजिट हॉस्टल, आवास और विद्यालयों के निर्माण कार्य निश्चित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। गृह निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि कन्वेंशन सेंटर को शीघ्र पूर्ण करके हैंड ओवर करें। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि पीजी कॉलेज का निर्माण कार्य, जिला चिकित्सालय, अशोक वाटिका तथा एनसीडीसी के निर्माण कार्य निश्चित समय सीमा में पूर्ण कर लिए जाएं। ईई जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया गया कि व्यपवर्तन, जलाशय एवं नहर निर्माण के कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए नगरीय निकाय के क्षेत्रों में जनहित कार्य जैसे सामुदायिक भवन, स्ट्रीट लाइट, पार्क निर्माण आदि के निर्माण कार्य एसडीएम एवं नगरीय निकाय की टीम से चर्चा करके प्रस्तावित करें।
ईई आरइएस को निर्देश दिया गया है कि गांव में स्वीकृत नए स्कूल भवनों का निर्माण कार्य अप्रैल 2025 तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं ताकि नए शिक्षण सत्र सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, नगर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री गौतम सिंह सहित ईआरईएस पीडब्ल्यूडी, सेतु विभाग, हाउसिंग बोर्ड, आदिवासी विकास विभाग, जल संसाधन विभाग व नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम



कोरबा। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कोरबा नगर के विद्युत गृह उच्चतर

### खेलकूद सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिव्यांग विद्यार्थी बने प्रतिभागी

माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 में जिला स्तरीय कार्यकम आयोजित किया गया। कार्यकम में दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही उनके मध्य विविध खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा समस्त दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को स्कूल बेग वितरण किया गया एवं खेलकुद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान की गई। कार्यक्रम में पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन, श्री हितानन्द अग्रवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री डिम्पल भेडिया सहित दिव्यांग आईकॉन श्री लक्ष्मी प्रसाद निषाद एवं श्री शैलेन्द्र श्रीवास, श्री पन्नालाल बांधे (दिव्यांग) एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री तामेश्वर प्रसाद उपाध्याय व उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती सिनीवाली गोयल, डीएमसी श्री मनोज कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## निकाय चुनाव को लेकर जिले में तीन जगह कांग्रेस की सह प्रभारी जरिता लेंगी कार्यकर्ताओं की बैठक

कोरबा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सह-प्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर कोरबा जिलें के चारों विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय बैठक लेंगी। कोरबा विधानसभा क्षेत्र का दिनांक 06.12.2024 शुक्रवार को प्रातः 11 बजे कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर में तथा रामपुर विधानसभा क्षेत्र का इसी दिन को दोपहर 02 बजे सामुदायिक भवन करतला में बैठक होगा। वहीं कटघोरा विधानसभा क्षेत्र का दिनांक 07.12.2024 दिन शनिवार को प्रातः 11.30 बजे सामुदायिक भवन कटघोरा में तथा पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र का इसी दिन दोपहर 02.30 बजे सामुदायिक भवन पोड़ी उपरोड़ा में कांग्रेसजनों के साथ बैठक होगा।
बैठक में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, दुलेश्वरी सिदार, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।जिला अध्यक्ष द्वय सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने बैठक में जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयुआई, इंटक, पार्षद, आईटी सेल, पूर्व पार्षद, पूर्व एल्डरमेन, वार्ड, जोन व बुथ कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

# शिकारी मोहल्ला में पानी की समस्या, लोगों ने पीएचई को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया

कोरबा। पानी की समस्या से काफी समय से जूझ रहे शिकारी मोहल्ला के लोग इस बात से परेशान है कि उन्हें लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग यही बता रहा है कि टेंडर होने वाला है लेकिन कब होगा इसका पता नहीं है। अधिकारियों की लापरवाही से नाराज लोगों ने अंतिम बार विभागीय कार्यालय पहुंचकर अपनी मंशा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर अब चक्का जाम और दूसरे प्रदर्शन होंगे।

पीएचइडी कार्यालय कटघोरा में उपस्थित यह नागरिक हैं कटघोरा के शिकारी मोहल्ला के रहने वाले, जो अपने इलाके में जलापूर्ति से संबंधित समस्या को लेकर परेशान है। नेशनल हाईवे बाईपास के पास इन लोगों का क्षेत्र है। इस इलाके में अलग-अलग करण से पानी नहीं मिल रहा है। समस्या को बर्दाश्त करते हुए काफी अरसा गुजर चुका है और अब लोगों का धैर्य जवाब दे गया है। नगरी निकाय चुनाव से ठीक पहले यहां के नागरिकों ने इस मामले को लेकर अपने तेवर दिखाने शुरू किए हैं। स्थानीय नागरिकों ने अपनी समस्या का समाधान किए जाने को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्थानीय एसडीओ कार्यालय पहुंचकर नाराजगी जताई। नागरिकों का आरोप है कि उनकी समस्या को हल करने के लिए किसी स्तर पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बाईपास बनने के बाद यह मामला और गंभीर हो गया है जबकि पीएचईडी का एक ही जवाब है कि इस काम का टेंडर होने वाला है। जलापूर्ति की समस्या से बेहद नाराज नागरिकों ने सख्त लहजे में कहा कि वे अब किसी के आश्वासन पर नहीं मानने वाले हैं। अगर जल्द ही इस दिशा में उचित कार्रवाई नहीं होती है तो चक्का जाम से लेकर दूसरे स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए हम मजबूर होंगे। शिकारी मोहल्ला वहीं क्षेत्र है जहां ग्रीष्मकल में लोगों ने पानी की समस्या को लेकर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया था तब नगर पालिका ने टैंकर भिजवाकर स्थिति सामान्य की थी लेकिन लोग चाहते हैं

## जल संचय के जनभागादारी पर काम करने की जरूरत

कोरबा। वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको ने जल संरक्षण के साथ-साथ अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पेड़ों की कटाई रोकने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सवच्छ वायु और शुद्ध पर्यावरण भावी पीढ़ी के लिए सबसे बड़ी सौगात है। इसके लिए हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।

जल संपदा के संरक्षण के खास उद्देश्य के साथ किए गए इस आयोजन मे कई विभागीय अधिकारी भी शामिल हुए। सभी ने नाला में श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। बताया गया कि इस अभियान को केवल औपचारिक रूप से नहीं लिया जा रहा है बल्कि इसका विस्तार किया जाएगा और काफी संख्या में लोगों को इससे जोड़ने का काम भी किया जाएगा। प्रशासन की ओर से कहा गया कि पानी सभी की जरूरत है और यह अलग-अलग तरीके से उपयोग में आता है। पानी को संचित करने की जिम्मेदारी किसी एक व्यक्ति या एक समूह को नहीं दी जा सकती। कई प्रकार की गलतफहमियों को दूर करने की आवश्यकता है और एक अच्छा वातावरण समाज के बीच निर्मित करना है।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता कार्यकारिणी समिति की बैठक 05 दिसंबर को

कोरबा। जिले में राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2024-25 अंतर्गत नेटबॉल बालक/बालिका का आयोजन 25 से 28 दिसंबर तक किया जाएगा। उक्त आयोजन के संबंध में कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में 05 दिसंबर को शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## सामान्य सभा की बैठक 06 दिसंबर को

कोरबा । सामान्य सभा की बैठक 06 दिसंबर को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता एवं लोकनिर्माण विभाग सहित अन्य एजेण्डाओं पर चर्चा की जाएगी।

# दुनिया को मुक्ति देने वाले परमात्मा को मिथिला वासियों ने विवाह के बंधन में बांध दिया: रत्नेश प्रपन्नाचार्य

**जांजगीर चांपा।** शिवरीनारायण मठ महोत्सव में सीता स्वयंवर की कथा का रसपान कराते हुए रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि विदाई के समय कार से ज्यादा महत्वपूर्ण है बेटी को संस्कार देकर विदा करना। जब सीता जी की विदाई होने लगी तब माता सुनैना ने अपनी पुत्री से कहा कि बेटी सासू मां, ससुर और गुरुदेव की सेवा करना?। इन्हें पति से भी ज्यादा सम्मान देना। जो पति के भी माता-पिता हैं वे बहुत ही आदरणीय है। यही हमारी भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म है जो हमें सुसंस्कृत करती है। वह बहुत अभागी है जिसके सास ससुर नहीं हैं। उन्होंने वर्तमान परिपेक्ष पर श्रोताओं का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि- चाहे आप बर्तन, गहने वाहन के कितने भी सेट दे दो बिना संस्कार के आपकी बेटी अपसेट ही रहेगी! श्री रामचरितमानस न केवल आध्यात्मिक ग्रंथ है अपितु यह सामाजिक दर्शन भी है। हमें अपनी घर की बहू को आंख की पुतली की तरह रखनी चाहिए, अपनी बहू को अपनी बेटी से ज्यादा प्यार देना चाहिए। वह पति के लिए अपने पूरे परिवार को छोड़कर आती है। उन्होंने कहा कि मिथिला वासियों ने संसार को बंधन से मुक्त करने वाले परमात्मा को अपने प्यार के वैवाहिक बंधन में बांध दिया?। श्री रामचंद्र जी के चरित्र की सबसे बड़ी शिक्षा प्राणी को अपने जीवन में सुख में, दुःख में, जय पराजय, यश अपयश, मान अपमान सभी स्थिति में समान रहना सिखलाता है। राम कथा का रसपान करने के लिए गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल जी, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार जी, हथकरघा विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कमल देवांगन जी भी सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर उनके साथ विशेष रूप से उनके सलाहकार प्रदीप शर्मा जी,पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, कसडोल विधायक संदीप साहू एवं श्रीमती साहू, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, भाटापारा के विधायक इंद्र साहू, पूर्व विधायक पद्मा घनश्याम मनहर, दिलीप लहरिया, चंद्रदेव राय ,रवि भारद्वाज तथा दिनेश शर्मा, रमेश पैग्वार, मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश केसरवानी, हेमंत दुबे, सुखराम दास जी, सुबोध शुक्ला, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## इसी मंच से मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद मिला था:भूपेश

शिवरीनारायण में कितने बार आया हूं ? कितनी रात रुका हूं ? यह याद नहीं है! हमने आंदोलन की शुरुआत इसी नगर से किया है। यहां मुझे अनेकों बार प्रसाद प्राप्त करने का अवसर भी मिला है। महन्त रामसुन्दर दासजी का मुझ पर इतना अधिक स्नेह है कि उनके आग्रह को मैं कभी ठुकरा ही नहीं पाता हूं। आज दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक थी जिसे कैंसिल करके शिवरीनारायण आया हूं।

यह बातें छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन में उपस्थित होकर अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे इसी व्यास पीठ से मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। तब मैं प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष था। मुख्यमंत्री के रूप में 5 वर्ष तक छत्तीसगढ़ राज्य की सेवा किया। यहां एसडीम ऑफिस, चिकित्सालय, महानदी में घाट का विकास, राम वन गमन परिपथ के रूप में विकसित करने का सौभाग्य मिला। महाराज जी को इस नगर से गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया।

*मुझे यहां बताया गया कि अब दर्शनार्थी बहुत अधिक आते हैं मुझे बहुत प्रसन्नता मिली कि हमारा छोटा सा प्रयत्न काम आया। शिवरीनारायण में वर्षों से दर्शनार्थी आते रहे हैं यह स्थान जगन्नाथ जी का मूल स्थान है पहले



शिवरीनारायण है बाद में जगन्नाथ पुरी।* लेकिन अब यहां का विकास अवरूद्ध हो गया है। राम वन गमन परिपथ का काम अधूरा पड़ा है, गौ माता की सेवा ठीक से नहीं हो पा रही है यह दुःख का विषय है।

## रबी फसल के लिए पानी नहीं मिलने पर किसान होंगे आंदोलन हेतु बाध्य: गगन जयपुरिया

**जांजगीर चांपा।** जिला जल उपयोगिता समिति जांजगीर-चाम्पा की बैठक में निर्णय लिया गया है कि चाम्पा शाखा नहर के अंतर्गत आने वाले बम्हनीडीह - बिर्रा क्षेत्र के किसानो को रबी फसल के लिये पानी नहीं दिया जायेगा। पर क्षेत्र के हजारो किसान पानी की मांग को लेकर अड़े हुए है द्व सोमवार 2/12/24 को कुछ किसानो ने जि.पं. सदस्य गगन जयपुरिया के साथ मिलकर कलेक्टर आकाश छिकारा से पानी की मांग को प्रमुखता से रखा है । किसानो का कहना है कि पिछले तीन वर्षो से नहर मरम्मत का हवाला देकर रबी फसल के लिये बम्हनीडीह - बिर्रा क्षेत्र में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है, जिससे 5000 हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रो में किसान अपने खेतो की बुवाई नहीं कर पा रहे है । वही इसी जिले के अन्य क्षेत्रो में प्रत्येक वर्ष रबी फसल के लिये लगातार पानी दिया जा रहा है । इस पर कलेक्टर ने सिचाई विभाग के अधिकारीयों से बात कर पानी के लिये प्रयास करने का आश्वासन दिया है। किसानो का कहना है कि हमें फसल लगाने के लिये तैयारी भी करनी होती है इसलिए आश्वासन से काम नहीं चलेगा, पानी मिलेगा कि नहीं ये सपष्ट होना चाहिए यदि इस बार भी फसल के लिये पानी नहीं मिलेगा तो हम सभी किसान आन्दोलन हेतू बाध्य होंगे ।

जि.पं. सभापति गगन जयपुरिया ने कहा है कि



जांजगीर - चाम्पा जिला पूर्णतः कृषि प्रधान जिला है । रबी फसल किसानों के आर्थिक विकास के साथ साथ खेतो में काम करने वाले हजारो मजदूरों की रोजी-रोटी का भी साधन है। फसल नहीं होने से वही मजदूर पलायन के लिये विवश होते है । पिछले तीन वर्षो से लगातार पानी नहीं दिये जाने से क्षेत्र के किसान आक्रोशित है । यदि जिला प्रशासन फसल के लिये पानी की मांग को अनदेखा करती है तो उच्च स्तर पर बात करके पानी के दिलवाने का प्रयास करेंगे ।

शुक्रवार 6/12/24 को क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान जि.प. सदस्य और भाजपा नेता गगन जयपुरिया के नेतृत्व में पानी की मांग के लिये फिर से जांजगीर कलेक्टर ऑफिस जाने वाले है ।

## बोलेगा बचपन अभियान से बच्चों के आत्मविश्वास में हो रही बढ़ोतरी: बीईओ

**जांजगीर चांपा।** बम्हनीडीह जिला प्रशासन की पहल पर स्कूलों में चलायी जा रही बोलेगा बचपन कार्यक्रम को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है । इस अभियान को पंख देने कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा प्रतियोगिता कराई जा रही है । स्कूल , संकुल स्तर हुए प्रतियोगिता में चयनित बच्चों का विकासखंड स्तरीय बोलेगा बचपन प्रतियोगिता बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान एवं बीआरसी हीरेन्द्र बेहार के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । अनेक विधा में ब्लॉक स्तर पर बच्चों का प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयन किया गया है । अब ये 10 दिसम्बर को जिला स्तर पर आयोजित बोलेगा बचपन प्रतियोगिता में भाग लेंगे । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीईओ ने कहा कि बोलेगा बचपन अभियान से बच्चों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो रही है । उनमें बोलने की हिचकिचाहट दूर हो रही है । बच्चों मे मौखिक अभिव्यक्ति कौशल विकास गतिविधि के माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास धीरे धीरे हो रहा है । इस अभियान से बच्चों में समझ तथा तर्क करने की क्षमता बढ़ रही है । बोलेगा बचपन प्रतियोगिता कार्यक्रम बसंत चतुर्वेदी नोडल अधिकारी के नेतृत्व में निर्णायक लखन कश्यप , रामबाबू राठौर , शिव पटेल , दुष्यंत सिंह राज , मंजूलता साहू , गीतिका गबेल , नेहा खातून , शरद चतुर्वेदी की टीम ने अनेक



विधा में बच्चों का चयन किया है । प्राथमिक स्तर में पहली से दूसरी कविता वाचन में आशिका प्रथम अमोदी , अम्बिका गुप्ता द्वितीय सारागांव तीसरी से पांचवी में कुसुम सूर्यवंशी प्रथम भागोडीह ,महिमा लाठिया द्वितीय अमरूवा , अंशु महंत तृतीय खामिहा, आत्म परिचय में पहली से दूसरी स्तर में कैलाश साहू प्रथम अमोदी ,आर्यन यादव द्वितीय आरक्षी केंद्र चांपा , शत्रुहन तृतीय अमरूवा पुस्तक वाचन में तीसरी से पांचवी स्तर पर आरुषि महंत प्रथम भुरकाडीह , दीपेश यादव द्वितीय भवरेली , भैरो देवांगन तृतीय भोजपुर चांपा माध्यमिक स्तर निबंध में कोमल कहरा प्रथम सेजस बम्हनीडीह अर्पिता राजपूत द्वितीय तालदेवरी , नैन्सी यादव तृतीय सोनाईडीह , नवमी से बारहवीं तात्कालिक निबंध में टीना श्रीवास प्रथम सेजस सारागांव , श्वेता खांडेकर द्वितीय भोजपुर चांपा , भूपेंद्र पटेल तृतीय भाषण में माध्यमिक स्तर पर नीलम देवांगन प्रथम , तन्नू साहू द्वितीय , साधना केंवट तृतीय , नवमी से बारहवीं भाषण में भूमि देवांगन प्रथम सेजस बम्हनीडीह , प्रियंका यादव द्वितीय जेडीएम सारागांव , अक्षय राठौर तृतीय सेजस सारागांव के बच्चें चयनित हुए है । इन बच्चों को बीईओ एम डी दीवान ने मेडल प्रदान कर पुरुस्कृत किया।

## ट्रेन से 22 किलो गांजा बरामद, चांपा आरपीएफ की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** चांपा रेल्वे स्टेशन से गांजा बरामद चांपा आरपीएफ विशाखापट्टनम अमृतसर से जाने वाली ट्रेन चांपा प्लेटफार्म नंबर 2 पर शाम 6ः00 बजे विशाखापट्टनम ट्रेन छूटने लगा तो प्लेटफार्म पर कुछ लोग अज्ञात व्यक्ति द्वारा चलते ट्रेन में एक बैग में रखा हुआ 22 किलो गांजा रखा जा रहा था तो आफ में ड्यूटी कर रहे हैं आरपीएफ स्टाफ को देखकर सामान छोड़कर भागने लगा तो आरपीएफ सामान को पकड़ के साइट पर रखकर जांच की तो पता चला कि उसके अंदर रखा हुआ सामान गांजा था लगभग 22 किलो था तब पूरे स्टाफ आरपीएफ स्टाफ उसे व्यक्ति को ढूंढने लगे तो उसका पता नहीं चला इसकी आगे की कार्रवाई आरपीएफ कार्यवाही करके जीआरपी को सपोर्ट करने की प्रक्रिया कर रही है योगदान आरपीएफ थाना प्रभारी पी तिवारी,सी डीके हरबंस, असी आर के चंद्र प्रधानारक्षक एसके साहू नरेंद्र कुमार और पूरे आफ स्टाफ आरपीएफ का योगदान रहा।


### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/797/अविअ/भू-अर्जन/2024 कटघोरा, दिनांक 29.11.2024

कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम विजयपुर, प.ह.नं.01, रा.नि.मं. जवाली, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा में स्थित निजी भूमि रकबा 0.158 हे. विजयपुर एनीकट योजना के डूबान क्षेत्र में आने के कारण अर्जन बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 की धारा-4 (झ) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कलेक्टर महो. कोरबा द्वारा दिये गये प्राधिकार से दिनांक 13.12.2024 को ग्राम विजयपुर के पंचायत भवन में समय 11.00 बजे से विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कटघोरा

जी-242504316/2


## धोखे से बैंक खाता खुलाकर अवैध लेन-देन किया, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** लोन व शासन की योजना में 10-15 हजार रुपए की आमदनी का झांसा देकर खाता खुलवा कर अवैध लेन-देन करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से ठगी में प्रयुक्त किए गए विभिन्न पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड और बाइक बरामद की गई। धारा 420, 201 के तहत कार्रवाई की गई है। पामगढ़ थाना स्थित उरैहा चंडीपारा निवासी मूलचंद राय ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।


### न्यायालय तहसीलदार, बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

ई-कोड क्र. ................ अ-6/2023-24

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण ग्राम जूनापारा राजस्व निरीक्षक सरडी तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है आवेदक युवराज राघवेन्द्र देव आ. स्व. भूपेन्द्र नारायण जाति क्षत्रिय निवासी कोरिया पैलेस महलपारा बैकुण्ठपुर थाना व तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) ने आवेदन पत्र वास्ते अंतर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 के तहत आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता भूपेन्द्र नारायण आ. रामानुज प्रताप सिंह के नाम पर संयुक्त खाता की कृषि भूमि ग्राम जूनापारा तह. बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 03 में ख.नं. 850, 851 कुल रकबा 3.1900 हे. स्थित है तथा पिता की दिनांक 03.09.1995 को मृत्यु हो गया है। आवेदक के पिता के मृत्यु के पश्चात् भी उनका नाम राजस्व प्रपत्रों में चला आ रहा है जिस कारण आवेदन के द्वारा फौती नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 19.12.2024 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

(सील) तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

ई-कोड क्र. ........................ /2023-24

// ईश्तहार //

आवेदक युवराज राघवेन्द्र देव आ. स्व. भूपेन्द्र नारायण आयु 71 वर्ष जाति क्षत्रिय निवासी कोरिया पैलेस महलपारा बैकुण्ठपुर थाना व तहसल बैकुण्ठपुर के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक का वास्तविक नाम युवराज राघवेन्द्र देव है जबकी राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश आवेदक का नाम आघवेन्द्र देव सिंह दर्ज है जिसे सुधार करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 13.12.2024 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

(सील) तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

ई-कोड क्र. ........................./2023-24

// ईश्तहार //

आवेदक युवराज राघवेन्द्र देव आ. स्व. भूपेन्द्र नारायण आयु 71 वर्ष जाति क्षत्रिय निवासी कोरिया पैलेस महलपारा बैकुण्ठपुर थाना व तहसील बैकुण्ठपुर के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 में स्थित ख.नं. 258 रकबा 0.0140 हे. स्थित है। आवेदक की उक्त खसरा 258 की राजस्व रिकार्ड कैफियत कालम में त्रुटिवश छत्तीसगढ़ शासन दर्ज हो गया है। तथा आवेदक अपने भूमि छ.ग. शासन को विलोपित करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 13.12.2024 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

(सील) तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

क्र./2410/राजस्व शाखा/नामां.सू./न.पा.प./2024 जांजगीर-नैला,दिनांक 03.12.24

#### भवन नामांतरण सूचना

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत इस कार्यालय के मांग पंजी अनुसार भवन नामांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं।

अतः सूची में दर्ज भवन नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/दावेददार अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक 03.12.24 से 01.01.25 तक (30 दिवस) के भीतर अपना दावा आपत्ति नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरिणी का नाम/पिता/पति का नाम व पता (क्रेता) | हस्तांतरण का स्वरूप | हस्तांतरिणी का नाम/पिता/पति का नाम व पता (विक्रेता) | वार्ड क्र. | भूमि/भवन का खसरा/रकबा | भवन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्रीमती पुष्पा सिंह/मुकेश सिंह | बिक्रीनामा | श्रीमती कमला देवी निराला/ लखन लाल निराला | 25 | 2223/15 रकबा 0.0200 डी | भवन |
| 2 | श्री माणीक लाल, सुनील कुमार, सुनीषा आहूजा | बिक्रीनामा | श्री दिनेश कुमार देवांगन/ हेतराम देवांगन | 23 | 2439/7 रकबा 0.0060 डी | भवन |
| 3 | श्रीमती प्रिती साहू/रामभजन साहू | बिक्रीनामा | श्रीमती ज्योति वर्मा/ भीष्मनारायण वर्मा | 25 | 2145/19 रकबा 0.0200 डी | भवन |
| 4 | श्रीमती सविता राठौर/ युकेश्वर प्रसाद राठौर | बिक्रीनामा | श्री मुरली गुरूनानी/नारायण दास गुरूनानी | 15 | 3630/3 रकबा 0.0161डी | भवन |
| 5 | श्री श्यामसुंदर साहू/ बी.आर.साहू | बिक्रीनामा | श्री मुरली गुरूनानी/नारायण दास गुरूनानी | 15 | 3630/3 रकबा 0.360 डी | भवन |
| 6 | श्रीमती भावना देवांगन/कमल देवांगन | बिक्रीनामा | श्री राजेश देवांगन/महावीर देवांगन | 13 | आबादी | भवन |
| 7 | श्री हरिचरण सोनवान/ लाखन सोनवान | वंशानुगत | महेत्तरीन बाई/लखन सूर्यवंशी | 21 | 2758/8 रकबा 0.650 डी | भवन |
| 8 | श्रीमती अनिता देवी/गुकदा राम | बिक्रीनामा | श्री शिवकुमार/देवी प्रसाद मिश्रा | 21 | 2741/4 रकबा 0.400डी | भवन |
| 9 | श्री मनरमण सिंह/क्रांति कुमार सिंह | वंशानुगत | श्री क्रांति कुमार सिंह / गोलन सिंह | 23 | 2797/3 रकबा 0.13 डी | भवन |
| 10 | श्रीमती अजय राजकुमारी/ हंसराज थारवानी | वंशानुगत | श्री तिरिथ राम, राधा देवी, अर्जुन दास | 17 | 3982/2/घ रकबा 0.280 एकड़ | भवन |
| 11 | श्री चंद्रशेखर गिरोलकर/ स्व. गोविन्द राव | वंशानुगत | श्री गोविंद राव/नारायण राव | 14 | आबादी | भवन |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला

### न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / अ-2/2024-2025
ग्राम : जुनवानी, प.ह.नं.-25
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामेश्वर दास महंत पिता धनाऊ दास जाति पनिका (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम जुनवानी तहसील बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम जुनवानी प.ह.नं.25 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 301/3 रकबा 0.255 हे. में से 0.032 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 17.12.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

ई-कोड क्र. ................ अ-6/2023-24

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण ग्राम बैकुण्ठपुर राजस्व निरीक्षक बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है आवेदक युवराज राघवेन्द्र देव आ. स्व. भूपेन्द्र नारायण आयु 71 वर्ष जाति क्षत्रिय निवासी कोरिया पैलेस महलपारा बैकुण्ठपुर थाना व तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) ने आवेदन पत्र वास्ते अंतर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 के आधार पर आवेदन पेश किया है कि आवेदक के माता महारानी बसन्त कुमारी पति भूपेन्द्र नारायण के नाम पर संयुक्त खाता की कृषि भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर तह. बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 में ख.नं. 269/3 कुल रकबा 0.4050 हे. स्थित है, तथा माता की दिनांक 03.11.2011 को मृत्यु हो गया है। आवेदक की माता के मृत्यु पश्चात् भी उनका नाम राजस्व प्रपत्रों में चला आ रहा है जिस कारण आवेदक द्वारा फौती नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 9.12.2024 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

(सील) तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

ई-कोड क्र. ................ अ-6/2023-24

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण ग्राम भण्डरापारा राजस्व निरीक्षक मनसुख तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है आवेदक युवराज राघवेन्द्र देव आ. स्व. भूपेन्द्र नारायण आयु 71 वर्ष जाति क्षत्रिय निवासी कोरिया पैलेस महलपारा बैकुण्ठपुर थाना व तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) ने आवेदन पत्र वास्ते अंतर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 के आधार पर आवेदन पेश किया है कि आवेदक के बहन महराजकुमारी मनीमालीदेवी पिता भूपेन्द्र नारायण के नाम पर संयुक्त खाता की कृषि भूमि ग्राम भण्डारपारा तह. बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 12 में ख.नं. 577/1, 579/1, 583/1 कुल रकबा 6.3500 हे. स्थित है तथा बहन की दिनांक 29.01.2011 को मृत्यु हो गया है। आवेदक की बहन के मृत्यु पश्चात् भी उनका नाम राजस्व प्रपत्रों में चला आ रहा है, जिस कारण आवेदक द्वारा फौती नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

(सील) तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)


## पहरिया में आजीविका ऋण मेला का हुआ आयोजन

### मेले में 10 करोड़ 28 लाख रुपए से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत



**जांजगीर-चांपा ।** बुधवार को दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जनपंद पंचायत स्तरीय आजीविका ऋण मेला का आयोजन बलौदा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पहरिया में किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने कहा कि जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधि शुरू करने के लिए आजीविका ऋण तत्काल उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रही हैं। अगर पूर्व में कोई व्यवसाय किया जा रहा है तो आजीविका ऋण लेकर उसका विस्तार किया जा सकता है। जिला स्तरीय आजीविका ऋण मेला में लगभग 10 करोड़ 28 लाख रूपए से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत की गई। अतिथियों द्वारा ऋण मेला में आजीविका ऋण मेला में हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति आदेश की प्रति का वितरण किया गया।

आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंक द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार, शासकीय स्व-रोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना के क्षेत्र का विस्तार, स्वयं सिद्धा योजना के प्रति जागरूकता एवं विस्तार, नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन करने की सुविधा, ग्रामीणों की वित्तीय साक्षरता एवं सायबर फ्रॉड के रोकथाम के प्रति जागरूकता और अन्य बैंकिंग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान बिहान समूह की महिलाओं ने बिहान से जुड़कर की जा रही आजीविका गतिविधियों से हो रहे लाभ की जानकारी मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से दी और उनके कार्यों को अतिथियों ने सराहा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बलौदा श्रीमती नम्रता कन्हैया राठौर, पूर्व जनपद अध्यक्ष कन्हैया राठौर, पहरिया ग्राम पंचायत सरपंच, जनपद पंचायत सीईओ आकाश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक जन उपस्थित थे।

## अनमोल वचन......

**व्यक्ति अपने कर्मो से महान बनता है, ना की अपने जन्म से!**

# इंडिया गठबंधन के आगे गंभीर प्रश्न

*लोकसभा चुनाव में जो नुकसान हुआ, अब ऐसा लगता है कि अपनी ध्रुवीकरण एवं समीकरण साधने की सियासत से भाजपा ने उसे काफी हद तक संभाल लिया है। इससे इंडिया गठबंधन के आगे अपनी भूमिका तय करने का गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। इंडिया गठबंधन के सामने कठिन प्रश्न हैं। महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों से यह सवाल गहरा गया है कि क्या ये गठबंधन बनने के डेढ़ साल बाद भी अपना कोई साझा उद्देश्य तय कर पाया है।*

*हर चुनाव से पहले शामिल दलों के बीच सीटों को लेकर धींगामुश्ती, मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरा पेश कर पाने के मुद्दे पर मतभेद और चुनाव अभियान में समन्वय का अभाव आम कहानी बन गया है। गठबंधन बनने के बाद नवंबर- दिसंबर 2023 में जब पहले चुनाव हुए, तो दलों का मनमुटाव खुल कर जाहिर हुआ।लोकसभा चुनाव में जरूर चीजें कुछ संभलती नजर आई, लेकिन जैसे ही बात हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड की आई, पुरानी खींचतान उभर आई। किसी साझा न्यूनतम कार्यक्रम की जरूरत तो गठबंधन ने आरंभ से ही नहीं समझी।*

*नरेंद्र मोदी- अमित शाह से मुक्ति की चाहत के अलावा उनके बीच किसी मुद्दे और सहमति की तलाश करना कठिन बना रहा है। ऐसी नकारात्मक राजनीति कभी कारगर नहीं होती। लोकसभा चुनाव में बिजली चमकने जैसी उम्मीद जगी, तो उसके पीछे भी उनके अपने प्रयासों का कम ही योगदान था।*

*अब ऐसा लगता है कि तब जो नुकसान हुआ, अपनी ध्रुवीकरण एवं समीकरण साधने की सियासत से भाजपा ने उसे काफी हद तक संभाल लिया है। इसका बड़ा कारण यह है कि इंडिया गठबंधन यह संदेश देने में नाकाम है कि उसके पास देश के विकास एवं आम जन की बेहतरी का कोई बेहतर एजेंडा है। इसके अभाव में गठबंधन महज सीटों के तालमेल का माध्यम बन कर रह जाता है।*

*इस रूप में कुछ खास परिस्थितियों में यह प्रयास लाभदायक हो सकता है, लेकिन सत्ता पक्ष के लिए कोई गठबंधन कोई निर्णायक चुनौती पेश नहीं कर पाएगा। महाराष्ट्र का चुनाव नतीजा आने के बाद गठबंधन के अंदर की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस आलोचना के केंद्र में आई है, तो उसकी भी ठोस वजहें हैं। बड़ी पार्टी होने का सिर्फ लाभ नहीं होता, बल्कि जिम्मेदारियां भी होती हैं, इसे अब भी कांग्रेस नेतृत्व नहीं समझ पाया, तो पार्टी की भूमिका पर सवाल गहराते जाएंगे। वैसे अपनी-अपनी भूमिका से जुड़ा सवाल गठबंधन में शामिल सभी दलों के सामने है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज आपको पैतृक सम्पति मिल सकती है। आज आपको किसी पुराने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। आज परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की सम्भावना है। पारिवारिक सुख- सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। अपने गोल को अचीव करने के लिए आप कड़ी से कड़ी मेहनत करने का संकल्प करेंगे और पूरा करने के लिए आज से ही जुट जायेंगे, आज आपके अंदर अलग ही जोश दिखेगा। आज बाहर का ज्यादा मसालेदार खाना खाने से आपको बचना चाहिए। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर चर्चा करेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में खुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज के दिन आप कुछ नया करने की कोशिश कर सकते है आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हरसंभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे। आज आप अपनी डेली रूटीन में बुक पढ़ने की हैबिट डाल सकते है। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। छात्र एक शहर से दूसरे शहर शिक्षा ग्रहण करने जा सकते हैं। पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। लम्बे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए चेंजेस भी कर सकते हैं। समाज में आपके द्वारा किए गए कार्यों की काफी सराहना होगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बेवजह उलझने से बचें। आज संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी। डीप्रेशन की समस्या से आपको काफी हद तक आराम मिलेगा। आज आप कोई नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिये बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छुएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों को आज लाभ की प्राप्ति होगी।

**धनु राशिः**आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। किसी अन्य व्यक्ति की दखल अंदाजी अपने जीवन में ना होने दें नहीं तो रिश्तो में समस्याएं आ सकती है। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, जिससे पूरा दिन आपके अंदर पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे... वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे, जहाँ आपको काफी शांति महसूस होगी।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी। आज आपको किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचना चाहिए, यह आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा । आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान देंगे, इससे आपको कोई जरूरी बात पता चल सकती हैं।

# दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई

//डॉ. रमेश ठाकुर //

**अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा। क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं। केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है।**



किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए।

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया। दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास।

किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री-प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं, उन्हें ज़मीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवज़ा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं, उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएं, इसके अलावा एमएसपी गारंटी कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों, खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंड़ियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे। प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए, इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। मोर्चे को रोकने को अगर कोई जल्द विकल्प नहीं निकाला गया, तो अन्य किसान संगठन भी कूदने में देर नहीं करेंगे। हालांकि सोमवार को किसान मोर्चे को देखते हुए नोएडा ट्रैफ़िक पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई जिसमें कालिंदी कुंज बॉर्डर, यमुना एक्सप्रेस-वे और डीएनडी बॉर्डर से बचने की लोगों को सलाह दी गई, क्योंकि इन जगहों पर मोर्चे का असर व्यापक रूप से देखने को मिला। लोग अनचाई परेशानी से जूझते दिखाई पड़े, स्कूली बच्चों भी जाम में फंसे रहे, एमबूलेंस भी नहीं निकल पाई। नौकरीपेशा समय से अपने कार्यालयों में नहीं पहुंच पाए। ये हालात ऐसे ही बने रहेंगे, जब तक ये मूवमेंट चलता रहेगा।

किसान मूवमेंट शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही राजनीति भी आरंभ हो गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया। कांग्रेस ने कहा दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण गाड़ियां और अमित शाह की पूरी पुलिस तैनात की गई। ऐसा प्रतीत होता है जैसे की उनको किसी आंतकवादी को रोकना या पकड़ना हो। किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवज़ा और फसल के सही दाम की मांग लेकर दिल्ली आकर सोती सरकार को जगाना चाहते हैं इसमें बुरा क्या है। वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से बयान आया जिसमें कहा गया कि राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती तो है नहीं।

फिर किसान क्यों नहीं आ सकते। प्रधानमंत्री पर भी उन्होंने हमला किया। बोले, किसानों पर बर्बरता के नए आयाम रच रहे हैं प्रधानमंत्री। उनके दिल में अन्नदाताओं के लिए रत्ती भर सम्मान नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली आना चाहते हैं, उन्हें आने देना चाहिए, उनपर वाटर कैनन का प्रयोग करना गलत है। दरअसल, ऐसे मौकों पर विपक्ष का बिना सोचे समझे कूद पड़ना, 'आग में घी डालने' का काम कर जाता है। जबकि, उन्हें केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर विकल्प और समाधान की ओर ध्यानाकर्षण करवाना चाहिए। ताकि सरकार आंदोलनकारियों से बात करने पर विवश हो। पर, दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं पाता और न ही विपक्ष ऐसा प्रयास करता है।

# कांग्रेस को वास्तविकता समझनी होगी

//अजीत द्विवेदी//

**मीर तकी मीर का शेर है, पत्ता पत्ता बूटा बूटा हाल हमारा जाने है, जाने न जाने गुल ही न जाने बाग तो सारा जाने है'। कांग्रेस का भी यही हाल है। उसका हाल सारी दुनिया को पता है। सारे पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक जानते हैं कि उसकी क्या कमी है। विपक्ष की दूसरी पार्टियां, जो उसके गठबंधन में हैं या नहीं हैं उन सबको भी पता है कि कांग्रेस की क्या कमजोरी है और भाजपा के शीर्ष नेता खास कर नरेंद्र मोदी और अमित शाह को तो उसकी हर नस के बारे में पता है। सिर्फ कांग्रेस है, जिसको अपने हाल की कोई खबर नहीं है। कांग्रेस नेतृत्व को अपनी कमजोरियों का पता नहीं है। गांधी परिवार अब भी इस मुगालते में है कि उसे सिर्फ मुख्य विपक्षी पार्टी बने रहना है, बाकी सारी चीजें अपने आप हो जाएंगी। जैसे 1977 में हारे तो 1980 में सत्ता में आ गए या 1989 में हारे तो 1991 में आ गए या 1996 में हारे तो 2004 में आ गए वैसे ही 2014 में हारे हैं तो क्या हो गया अगर मुख्य विपक्षी बने रहते हैं तो फिर अपने आप सत्ता में आ जाएंगे।**

कांग्रेस नेता इस बात से भी सबक नहीं ले रहे हैं कि लगातार दो चुनावों में लोकसभा में कांग्रेस को मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा भी नहीं मिला था और एक एक करके वह राज्यों में भी यह दर्जा गंवाती जा रही है। क्या किसी ने सोचा है कि कितने बड़े राज्य हैं, जिनमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी भी नहीं है। जिन राज्यों में वह हाल के दिनों तक सत्ता में थी वहां से भी ऐसे उखड़ी है कि अब विपक्ष में भी जगह नहीं है। दिल्ली में लगातार तीन चुनाव जीतने के बाद वह 10 साल से शून्य पर है। आंध्र प्रदेश में दो चुनाव लगातार जीतने के बाद वह 10 साल से शून्य पर है। पश्चिम बंगाल में पिछली विधानसभा में उसके 40 विधायक थे और इस बार वह शून्य पर है। लगभग एक दर्जन राज्यों में उसका एक भी विधायक नहीं है। उसने गुजरात और महाराष्ट्र में मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा गंवा दिया है। 403 विधायकों वाली उत्तर प्रदेश में उसके सिर्फ दो विधायक हैं। ये आंकड़े कांग्रेस के भविष्य की बहुत बुरी तस्वीर पेश कर रहे हैं लेकिन ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस को इसकी या तो खबर नहीं है या परवाह नहीं है।

लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करने के बाद हरियाणा, जम्मू कश्मीर और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव बुरी तरह से हारने के बाद कांग्रेस की बुनियादी समस्याओं को रेखांकित करने वाले सैकड़ों लेख लिखे गए हैं और हजारों नहीं, बल्कि लाखों सोशल मीडिया पोस्ट्स लिखी गई हैं। कांग्रेस के इकोसिस्टम के लोगों ने कई तरह से समझाया है कि कांग्रेस की असली समस्या क्या है और उसे कैसे दूर किया जा सकता है। पता नहीं कांग्रेस में किसी ने इनकी नोटिस ली या नहीं लेकिन कांग्रेस कार्य समिति की बैठक होने जा रही है। शुक्रवार, 29 नवंबर को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक होगी, जिसमें हरियाणा और महाराष्ट्र के नतीजों की समीक्षा होगी। पता नहीं जम्मू कश्मीर के नतीजों की समीक्षा क्यों नहीं होगी, जहां कांग्रेस की सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस की सीटें 15 से बढ़ कर 40 हो गई और कांग्रेस की संख्या 12 से घट कर सात रह गई? कांग्रेस को निश्चित रूप से इसकी भी समीक्षा करनी चाहिए। अगर वह नहीं करती है तो इसका मतलब है कि उसका इरादा ईमानदार समीक्षा करने का नहीं है, बल्कि औपचारिकता निभाने का है। बहरहाल, हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस की जो समस्याएं उभर कर सामने आई हैं उनमें पहले नंबर पर यह है कि कांग्रेस सहयोगी पार्टियों की चिंता नहीं करती है। वह जरा सी ताकत मिलते ही धौंस दिखाने लगती है और बड़े भाई की भूमिका में आ जाती है। लगातार दो चुनाव हारने के बाद उसने लोकसभा में जरूर समझौता किया और कम सीटों पर लड़ी लेकिन प्रदर्शन सुधरते ही उसने सहयोगियों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। उसने हरियाणा में समाजवादी पार्टी की मांग ठुकराई तो आम आदमी पार्टी को अकेले लड़ने दिया। इसी तरह महाराष्ट्र में जब लोकसभा चुनाव में शिव सेना ज्यादा सीटों पर लड़ी थी और नतीजे महा विकास अघाड़ी के पक्ष में आए थे तो विधानसभा चुनाव में भी क्यों नहीं शिव सेना को ही बड़ी पार्टी के तौर पर लड़ने दिया गया। अगर शिव सेना ज्यादा सीटों पर लड़ती तो उद्धव ठाकरे के सीएम का चेहरा होने का संदेश जाता है और तब शिव सैनिक एकजुट हो सकते थे। अगर कांग्रेस ने आखिरी समय तक ज्यादा सीट की खींचतान में मामला नहीं लटकाए रखा होता तो तस्वीर कुछ और होती।

कांग्रेस की दूसरी कमी यह उभर कर आई है कि वह गंभीरता से चुनाव नहीं लड़ती है। अभी के चुनावों में उसने सिर्फ वायनाड लोकसभा का उपचुनाव गंभीरता से लड़ा और उसका नतीजा यह हुआ कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने राहुल गांधी से ज्यादा वोट से चुनाव जीता। वहां वैसे भी कांग्रेस जीत रही थी लेकिन पूरी पार्टी ने जी जान लगा दी। प्रियंका वहां डटी रहीं तो राहुल ने चार दिन सभाएं कीं। सोचें, एक लोकसभा सीट पर राहुल का चार दिन जाना और दूसरी ओर झारखंड में सिर्फ छह सभाएं करना! झारखंड में कांग्रेस जीत गई, लेकिन वह कांग्रेस की जीत नहीं है, बल्कि जेएमएम की लहर की जीत है। हेमंत सोरेन के पक्ष में सहानुभूति की लहर थी और साथ ही भाजपा के ध्रुवीकरण के एजेंडे के खिलाफ एक दूसरा ध्रुवीकरण था, जिसका फायदा कांग्रेस और राजद दोनों को मिला। लेकिन बाकी जगह ऐसा नहीं था तो महाराष्ट्र और हर राज्य के उपचुनाव में कांग्रेस की बुरी दशा हुई। वह न तो महाराष्ट्र में गंभीरता से लड़ी और न झारखंड में और न उपचुनावों में कोई गंभीरता दिखाई दी। कांग्रेस की तीसरी कमी यह उभर कर आई है कि उसका संगठन बहुत ही कमजोर है और संगठन से जुड़े फैसले तो भयावह ही है, जैसे झारखंड में कांग्रेस ने चुनाव से तीन महीने पहले प्रदेश अध्यक्ष बदला था। यह तो एक मिसाल है लेकिन ओवरऑल कांग्रेस का संगठन बहुत लचर है।

नीचे से ऊपर तक संगठन में इक्का दुक्का लोगों को छोड़ दें तो अयोग्य, निकम्मे या भितरघात करने वाले नेता भरे हैं। कांग्रेस की राजनीतिक पूंजी का लगातार क्षरण होता जा रहा है लेकिन पार्टी के पदाधिकारियों का अहंकार कम नहीं होता है। यह हकीकत है कि जिन्हें जिम्मेदारी मिलती है वे कुछ नहीं करते हैं और जिन्हें जिम्मेदारी नहीं मिलती है वे अपनी ही पार्टी की हार पर खुशी मनाते हैं। कांग्रेस के पास प्रतिबद्ध नेताओं की कमी है। वे पार्टी हित में काम नहीं करते हैं, बल्कि अपना स्वार्थ सबसे ऊपर होता है। प्रभारी या छटंनी समिति के प्रमुख का फोकस इस बात पर नहीं होता है कि जीतने वाला उम्मीदवार चुनें, बल्कि उसे ऐसे उम्मीदवार चुनने होते हैं, जो टिकट के लिए पैसे दे सके। कांग्रेस की सहयोगी पार्टियां भी इससे परेशान रहती हैं।कांग्रेस की चौथी कमजोरी शीर्ष नेतृत्व की निष्क्रियता है। राहुल गांधी दिन रात राजनीति में नहीं खपे रहते हैं और न कठोर फैसले करते हैं। वे चुनाव के समय सक्रिय होते हैं, जबकि राजनीति 24 घंटे का काम है। कांग्रेस नेताओं के बारे में यह आम धारणा है कि अगर राहुल गांधी सोते जागते राजनीति नहीं करेंगे और सब पर नजर नहीं रखेंगे तो कांग्रेसी सब कुछ बेच खाएंगे। ऐसी स्थिति राहुल गांधी की अनिश्चित व तदर्थ राजनीति की वजह से है। चुनाव नहीं चल रहे हों तो वे संगठन का काम करने की बजाय उसको फुरसत का समय मानते हैं।

उनके साथ दूसरी मुश्किल यह है कि उनको चाहने वालों और कांग्रेस के इकोसिस्टम के लोगों ने यह धारणा बनाई है कि कांग्रेस की दुर्दशा के लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि उनके सलाहकार और दूसरे नेता जिम्मेदार है। हकीकत यह है कि कांग्रेस की दुर्दशा की सारी जिम्मेदारी राहुल की है। जब तक वे खुद राजनीति नहीं करेंगे, सब पर नजर नहीं रखेंगे, सारे फैसले खुद नहीं करेंगे या प्रतिबद्ध नेताओं की पहचान कर उनको फैसले की जिम्मेदारी नहीं देंगे, सीधे जमीनी स्तर पर संपर्क नहीं बढ़ाएंगे, तब तक कुछ नहीं हो पाएगा। हो सकता है कि कांग्रेस के सारे नेता मिल कर कार्य समिति की बैठक में यह चर्चा करें कि ईवीएम की वजह से हारे हैं और इसलिए ईवीएम के खिलाफ आंदोलन चलाया जाना चाहिए। परंतु कांग्रेस को यह वास्तविकता समझनी होगी कि उसकी दुर्दशा के अगर एक सौ कारण हैं तो ईवीएम उसमें आखिरी यानी एक सौवां कारण होगा। उसे पहले 99 कारणों को पहचान कर उन्हें ठीक करना होगा और उसके बाद भी अगर स्थिति नहीं सुधरती है तब ईवीएम पर आरोप लगाना चाहिए।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया नई दिल्ली में 25 नए चार्जिंग स्टेशनों के उद्घाटन के दौरान।



लोगों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया, जिसने कथित तौर पर शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर उस समय गोली चलाई, जब वह अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के बाहर सेवादार की ड्यूटी निभा रहे थे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया।



मुंबई के विधान भवन में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और पार्टी नेता विनोद तावड़े।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में ग्रामीण विकास विभाग की उपलब्धियों के बारे में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



अभिनेत्री किश्वर मर्चेंट मुंबई में अनीता हसनंदानी के नए कपड़ों के ब्रांड के लॉन्च में शामिल हुईं।

# सीमावर्ती क्षेत्रों की गतिविधियों पर चीन के साथ होगी चर्चा, एस जयशंकर ने ड्रैगन को लेकर दिया बड़ा बयान



नईदिल्ली, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-चीन संबंधों पर कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए अपेक्षित और महत्वपूर्ण है। दोनों पक्ष आने वाले दिनों में इन क्षेत्रों में गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन और तनाव कम करने पर चर्चा करेंगे। राज्यसभा में जयशंकर ने चीन के साथ भारत के संबंधों पर बयान देते हुए यह भी कहा कि पूर्वी लद्दाख में चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत सैनिकों की वापसी का काम संपन्न हो गया है। देपसांग और डेमचोक में यह काम पूरी तरह संपन्न होना बाकी है। इससे पहले मंगलवार को उन्होंने लोकसभा में भी ऐसा ही बयान दिया था। जयशंकर ने कहा कि भारत इस बात पर बहुत स्पष्ट है कि सभी परिस्थितियों में तीन प्रमुख सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए।

पहला-दोनों पक्षों को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सख्ती से सम्मान करना चाहिए। दूसरा-किसी भी पक्ष को यथास्थिति को एकतरफा रूप से बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए और तीसरा-अतीत में किए गए समझौतों और सहमतियों का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे संबंध कई क्षेत्रों में आगे बढ़े हैं, लेकिन हाल की घटनाओं से स्पष्ट रूप से रिश्ते नकारात्मक रूप से प्रभावित भी हुए हैं। हम स्पष्ट हैं कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखना हमारे संबंधों के विकास के लिए एक शर्त है। आने वाले दिनों में हम सीमा क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ तनाव कम करने पर भी चर्चा करेंगे। चरणबद्ध तरीके से सैनिकों की वापसी का कार्य पूरा होने के साथ ही अब हमें उम्मीद है कि शेष मुद्दों के संबंध में चर्चा शुरू होगी, जिन्हें हमने एजेंडे में रखा था। सैन्य वापसी के बाद अब हमें अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों के अन्य पहलुओं पर विचार करने का अवसर मिला है।

## अर्धसैनिक बलों के जवानों में बढ़े आत्महत्या के मामले गृह मंत्रालय ने संसद में पेश किए चौंकाने वाले आंकड़े

**नई दिल्ली 5 दिसम्बर।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे हैं। बीते कुछ समय में ये आंकड़ा तेजी से बढ़ा है। गृह मंत्रालय ने राज्य सभा में यह जानकारी दी है। बीते 5 सालों में 730 जवानों ने आत्महत्या की है।लंबी ड्यूटी, सोने के लिए पर्याप्त समय न मिल पाना और परिवार के साथ कम से कम समय बिता पाना इसकी मुख्य वजह मानी गई है। इस कारण कई जवान अपनी नौकरी से त्याग पत्र भी दे रहे हैं या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले रहे हैं। गृह मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश आंकड़ों के मुताबिक, बीते 5 सालों में करीब 55,000 जवानों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या त्यागपत्र दिया है। वहीं आत्महत्या के पीछे मुख्य वजह निजी परेशानियां मानी गई हैं।इस विषय पर अध्ययन के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया था। इसमें पाया गया कि आत्महत्या करने वाले करीब 80 फीसदी जवान छुट्टी से लौटे थे। टास्क फोर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जवानों में आत्महत्या की मुख्य वजह पति या पत्नी की मौत, परिवार के किसी सदस्य की मौत, वैवाहिक विवाद या तलाक, आर्थिक दिक्कतें, बच्चों के लिए शिक्षा के पर्याप्त अवसर न होना है। गृह मंत्रालय ने बताया कि इसे कम करने के लिए एक साल में 100 दिन के अवकाश की व्यवस्था की गई है, जिससे जवानों को अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का अवसर मिले। अब तक 42,797 ने सुविधा का लाभ भी लिया है।

## पहली नजर में आप भ्रष्ट व्यक्ति, पार्थ चटर्जी से सुप्रीमकोर्ट ने कहा- समाज में क्या संदेश जाएगा, आपको सोचना चाहिए

कोलकाता, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी से कहा कि पहली नजर में तो आप भ्रष्ट व्यक्ति हैं। आपके परिसरों से करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। चटर्जी को राज्य में कथित नौकरी के बदले नकदी घोटाले में गिरफ्तार किया गया है। हालांकि उनकी जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए अदालत ने ईडी से कहा कि चटर्जी को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रखा जा सकता। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने चटर्जी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से यह भी कहा कि आप हमसे समाज को क्या संदेश दिलवाना चाहते हैं। भ्रष्ट व्यक्ति इस तरह जमानत पा सकता है। रोहतगी ने कहा कि उनके मुवक्किल को छोड़कर मामले के सभी सह-अभियुक्तों को जमानत मिल चुकी है। पीठ ने कहा कि हर व्यक्ति मंत्री नहीं था। आप शीर्ष पर थे। आप दूसरों से तुलना नहीं कर सकते। आप जांच में देरी और अभियोजन की भूमिका पर सवाल उठा सकते हैं, लेकिन मामले के गुण-दोषों पर नहीं।

ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अगर चटर्जी को इस मामले में जमानत मिल भी गई तो वह जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे क्योंकि उनके विरुद्ध सीबीआइ के भी मामले हैं। रोहतगी ने उनकी इस दलील पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह परपीड़ा में आनंद लेने जैसा है। दूसरे मामलों में जो भी होगा वह मुझे देखना है। मुझे कहीं से तो शुरुआत करनी होगी। वह किस तरह की दलील दे रहे हैं। मेरा मुवक्किल ढाई वर्ष से जेल में है। जस्टिस कांत ने राजू से पूछा कि जांच पूरी करने के लिए एजेंसी को कितना समय चाहिए क्योंकि अदालत को अधिकारों में संतुलन बनाना होगा। कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल जज बेंच ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शांतनु बंद्योपाध्याय को सशर्त जमानत दे दी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा अंतरिम सरकार का दायित्व

वाशिंगटन, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।



अमेरिका ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के बीच धार्मिक और आधारभूत मानवाधिकारों सहित मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान की बात कही है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत लगातार चिंता व्यक्त कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने संवाददाताओं से कहा, ''हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि मौलिक स्वतंत्रता का सम्मान होना चाहिए।'' पटेल ने कहा, ''सरकारों को कानून के शासन का सम्मान करने की आवश्यकता है, उन्हें आधारभूत मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए। हम इस बात पर हमेशा जोर देते रहेंगे।'' वेदांत पटेल ने कहा कि किसी भी तरह का विरोध शांतिपूर्ण होना चाहिए। पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम इस बात पर बल देते हैं कि हिरासत में लिए गए लोगों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए और उनसे अधारभूत मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के अनुरूप व्यवहार किया जाना चाहिए।'' इस बीच, अमेरिकी सांसद ब्रैड शरमन ने एक बयान में कहा, ''बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का यह पूर्ण दायित्व है कि वह हिंदू अल्पसंख्यकों की रक्षा करे और हाल में हुए हमलों तथा उत्पीड़न के कारण हजारों अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरोध प्रदर्शनों का सार्थक रूप से समाधान करे।''

शेरमन ने कहा, प्रशासन को हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा को खत्म करने में भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। हिंदूएक्शन' के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने निवर्तमान बाइडेन-हैरिस प्रशासन से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ कट्टरपंथियों द्वारा हिंसा को और अधिक बढ़ने से रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''बांग्लादेश से हमें जो प्रतिक्रिया मिल रही हैं उसके आधार पर कहा जा सकता है कि अंतरिम सरकार द्वारा गिरफ्तार किए गए संत एवं नागरिक अधिकार कार्यकर्ता चिन्मय कृष्ण दास को हिरासत में जान का गंभीर खतरा है।''

## दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक-योल की बढ़ी मुश्किलें

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के विपक्षी दलों ने मार्शल लॉ लागू करने के मुद्दे पर राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है। इससे पहले दक्षिण कोरिया की मुख्य विपक्षी पार्टी ने बुधवार को राष्ट्रपति यून सुक-योल से कहा था कि वह पद से इस्तीफा दें नहीं तो उन्हें महाभियोग का सामना करना होगा। कल रात यून ने अचानक देश में मार्शल लॉ लागू कर दिया था। राष्ट्रपति द्वारा लागू मार्शल लॉ केवल छह घंटे तक ही प्रभावी रहा, क्योंकि 'नेशनल असेंबली' ने राष्ट्रपति के फैसले को खारिज करने के पक्ष में मतदान किया। डेमोक्रटिक पार्टी ने एक बयान में कहा, ''राष्ट्रपति यून सुक-योल की मार्शल लॉ की घोषणा संविधान का उल्लंघन है। इसे घोषित करने के लिए किसी भी आवश्यक नियम का पालन नहीं किया गया।'' बयान में कहा गया, ''उनकी मार्शल लॉ की घोषणा मूलरूप से अमान्य है और संविधान का गंभीर उल्लंघन है।

# पुरुषों को भी मासिक धर्म होता, तो पता चलता सुप्रीम कोर्ट ने क्यों लगाई एमपी हाईकोर्ट को फटकार



नईदिल्ली, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने नारी की गति नारी जाने के अंदाज में राज्य की छह महिला सिविल जजों को बर्खास्त करने पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट को कड़ी फटकार लगाई है। सर्वोच्च अदालत ने इस फैसले के खिलाफ सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, काश पुरुषों को भी मासिक धर्म होता। तब उन्हें पता चलता कि यह क्या बला है। सर्वोच्च अदालत ने इस बात पर भी फटकारा कि महिला जज को बर्खास्त करने के लिए केवल उनके प्रदर्शन को आधार बनाया गया जबकि गर्भपात के चलते उनकी दुर्दशा पर ध्यान ही नहीं दिया गया। खंडपीठ ने सिविल जजों की बर्खास्तगी के आधार पर मध्यप्रदेश हाई कोर्ट से स्पष्टीकरण मांगा है।जस्टिस बीवी नागरत्ना और एन.कोटिस्वर सिंह की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि महिला न्यायिक अफसरों का मूल्यांकन करते हुए गर्भपात के कारण हुई उनकी शारीरिक और मानसिक पीड़ा को क्यों नजरअंदाज किया गया। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सख्त लहजे में कहा, मैं उम्मीद करती हूं कि पुरुष जजों पर भी यही नियम लागू किए जाते होंगे। एक महिला जज गर्भवती हो गई थीं और फिर उनका गर्भपात हो गया था। इन हालात में एक महिला कितनी शारीरिक और मानसिक परेशानियों से जूझती है, इसका अंदाजा है। काश पुरुषों को भी मासिक धर्म होता। तब उन्हें इसका पता चलता।अदालत ने कहा कि जजों को बर्खास्त किया जबकि कामकाज का मात्रात्मक मूल्यांकन कोविड काल के दौरान उचित नहीं है। ध्यान रहे कि असंतोषजनक प्रदर्शन के चलते मध्य प्रदेश सरकार के छह महिला न्यायिक अफसरों को बर्खास्त करने पर विगत 11 नवंबर, 2023 को सर्वोच्च अदालत ने इसका स्वतः संज्ञान लिया था।

हालांकि एमपी हाई कोर्ट की फुल बेंच ने इससे पहले एक अगस्त को ही छह में से चार न्यायिक अफसरों ज्योति वरकदे, सुश्री सोनाक्षी जोशी, सुश्री प्रिया शर्मा और रचना अतुलकर जोशी को कुछ शर्तों के साथ बहाल कर दिया था, लेकिन हाई कोर्ट ने खराब प्रदर्शन की दलील के साथ अदिति कुमार शर्मा और सरिता चौधरी को बहाल नहीं किया। मध्य प्रदेश सरकार के विधि विभाग ने जून, 2023 में बर्खास्तगी का फैसला लिया था। याचिकाकर्ता जज की वकील चारु माथुर ने दलील दी कि चार साल के उम्दा सेवा रिकार्ड के बावजूद बिना तय प्रक्रिया अपनाए बर्खास्त किया गया। उनकी कामकाज की अवधि में गर्भधारण और बच्चे की देखभाल के अवकाश को भी शामिल किया। यह मूलभूत अधिकार का उल्लंघन है। सर्वोच्च अदालत ने इन दो जजों के मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा में क्रमशः 2018 और 2017 में शामिल हुई थीं। हाई कोर्ट की पेश रिपोर्ट में बताया गया है कि अदिति कुमार शर्मा का प्रदर्शन बहुत अच्छे से अच्छे, फिर 2019-2020 में औसत और उसके बाद के वर्षों में खराब होता चला गया।

# होटल-रेस्तरां और सार्वजनिक स्थानों पर नहीं परोसा जा सकेगा गोमांस

## असम में बीफ पर लगा बैन




गुवाहाटी, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।

असम सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला किया। राज्य की हेमंत बिस्वा सरकार ने बीफ पर बैन लगा दिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने खुद इसका ऐलान किया। उन्होंने बताया कि हमने फैसला किया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और साथ ही इसे किसी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी नहीं परोसा जाएगा। दरअसल, असम सरकार की कैबिनेट की आज दिल्ली में बैठक हुई। इस दौरान अन्य मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े. इस दौरान राज्य में बीफ बैन का फैसला किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, हम असम में गोहत्या रोकने के लिए 3 साल पहले कानून लाए थे। इससे गोहत्या रोकने में काफी सफलता मिली है। अब हमने फैसला किया है कि असम में किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और साथ ही इसे किसी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी नहीं परोसा जाएगा, इसलिए आज से हमने होटलों, रेस्तरां और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस की खपत को पूरी तरह से बंद करने का फैसला किया है. पहले हमारा फैसला मंदिरों के पास गोमांस खाने पर रोक लगाने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। हमने जो तीन साल पहले कदम उठाया था। उसे हम और आगे ले जा रहे हैं।

असम सरकार में मंत्री पीजूष हजारिका ने इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, मैं असम कांग्रेस को चैलेंज करता हूं कि वे या तो इस फैसले का स्वागत करें या फिर पाकिस्तान जाएं. असम के सीएम ने ये ऐलान ऐसे वक्त पर किया, जब असम में बीफ को लेकर सियासी घमासान जारी है। दरअसल, हाल ही में हुए असम उपचुनाव में बीजेपी और उसके सहयोगियों ने सभी 5 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इनमें कांग्रेस की गढ़ मानी जाने वाली मुस्लिम बहुल सामगुरी सीट भी शामिल थी। चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन ने आरोप लगाया था कि बीजेपी ने वोटरों को बीफ पार्टी देकर जीत हासिल की है। इन आरोपों पर मुख्यमंत्री हेमंत सरमा ने पलटवार भी किया था। उन्होंने कहा था कि असम में कांग्रेस अगर लिखकर दे तो मैं बीफ पर बैन लगाने के लिए तैयार हूं।

## रेलवे की क्षमता में होगा बड़ा इजाफा, एक हजार जनरल कोच जोड़े जाएंगे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1989 के रेलवे अधिनियम के साथ 1905 के भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम को एकीकृत करने के प्रावधान वाला एक विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया और कहा कि इसके पारित होने से रेलवे की क्षमता में इजाफा होगा। वैष्णव ने 'रेल संशोधन विधेयक, 2024' को सदन में चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। उन्होंने कहा कि रेलवे शुरुआत में लोक निर्माण विभाग का एक अंग होता था और 1905 में इसे पीडब्ल्यूडी से अलग कर नया रेलवे बोर्ड बनाया गया।

# यूएन में इज़रायल के खिलाफ वोटिंग में फिलिस्तीन के साथ खड़ा हुआ भारत

संयुक्त राष्ट्र 05 दिसम्बर [एजेंसी]।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर इजरायल के खिलाफ वोटिंग करके दुनिया की कूटनीतिक महारथियों को चक्कर में डाल दिया है। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के खिलाफ लाए गए इस प्रस्ताव में भार फिलिस्तीन के साथ खड़ा दिखा। इतना ही नहीं भारत ने फिलिस्तीन के पक्ष में और इजरायल के खिलाफ में वोटिंग की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस जबरदस्त कूटनीति ने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है। पूरी दुनिया इस सोच में पड़ गई है कि क्या ये वही भारत है, जिसने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला होने के बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सबसे पहले फोन किया था और पूरी तरह इजरायल के साथ खड़े होने का न सिर्फ भरोसा दिलाया, बल्कि नेतन्याहू के साथ खड़ा भी रहा। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के खिलाफ पहले भी कई प्रस्ताव लाए गए, लेकिन भारत ने तब या तो इजरायल के पक्ष में वोटिंग किया या फिर मतदान प्रक्रिया से विरत रहा। मगर इस बार भारत खुले तौर पर इजरायल के

## पीएम मोदी की कूटनीति पर कई देश चकराये

खिलाफ वोटिंग में फिलिस्तीन के साथ खड़ा नजर आया। भारत के इस रुख ने विश्व के बड़े-बड़े कूटनीतिज्ञों को भी चक्कर में डाल दिया है। दुनिया सोच रही है कि पीएम मोदी की कौन सी ऐसी डिप्लोमेसी है जिससे वह पक्ष और विपक्ष दोनों को साध लेते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के इस करिश्माई नेतृत्व की हर तरफ चर्चा है। खास बात यह है कि इस प्रस्ताव पर फिलिस्तीन के पक्ष में खड़े होने के बावजूद इजरायल ने भारत से कोई नाराजगी जाहिर नहीं की। आइये अब आपको बताते हैं कि दरअसल पूरा मामला है क्यासंयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत ने इजरायल के खिलाफ व यूएनजीए के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें पूर्वी यरुशलम सहित 1967 से कब्जाए गए अन्य फिलस्तीनी क्षेत्र से इजरायल से वापस जाने का आह्वान किया गया है। साथ ही पश्चिम एशिया में व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने के आह्वान को दोहराया गया है। सेनेगल द्वारा प्रस्तुत 'फिलस्तीन के प्रश्न का शांतिपूर्ण समाधान' विषयक मसौदा प्रस्ताव को 193 सदस्यीय महासभा में भारी बहुमत से स्वीकार कर लिया गया। भारत उन 157 देशों में शामिल था, जिन्होंने इसके पक्ष में मतदान किया।

यूएनजीए के आठ सदस्य देशों - अर्जेंटीना, हंगरी, इजरायल, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी और अमेरिका ने यूएनजीए के प्रस्ताव के खिलाफ और इजरायल के पक्ष में मतदान किया। कैमरून, चेकिया, इक्वाडोर, जॉर्जिया, पैराग्वे, यूक्रेन और उरुग्वे ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मौखिक रूप से संशोधित रूप में अपनाए गए प्रस्ताव में प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के आधार पर ''पश्चिम एशिया में बिना किसी देरी के व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की प्राप्ति'' तथा पूर्वी यरुशलम सहित 1967 में शुरू हुए इजरायली कब्जे को समाप्त करने का आह्वान दोहराया गया।

## दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ का विरोध, सड़क पर उतरे लोग, राष्ट्रपति ने वापस लिया आदेश

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने देर रात देश में लगाए गए मार्शल लॉ को समाप्त करने का ऐलान कर दिया है। यह फैसला संसद के भारी विरोध और मतदान के बाद लिया गया। मतदान के दौरान 300 में से 190 सांसदों ने सर्वसम्मति से मार्शल लॉ को स्वीकार करने के लिए मना कर दिया। मार्शल लॉ का ऐलान होने के बाद जनता सड़क पर उतर आई थी। आर्मी के टैंक सियोल की गलियों में घूमते हुए नजर आए थे। बिगड़ते हालातों और लगातार विरोध के चलते राष्ट्रपति ने अपना फैसला वापस ले लिया। देश में मार्शल लॉ लागू होने के बाद से ही सत्तारूढ़ और विपक्षी दल इसके विरोध में उतर आए। सत्तारूढ़ दल के कई नेताओं ने भी इसे अलोकतांत्रिक और असंवैधानकि बताया।

## मालदा जेल से 104 वर्षीय व्यक्ति 36 साल बाद रिहा

कोलकाता, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।

पश्चिम बंगाल की मालदा जेल में पिछले 36 साल से बंद 104 वर्षीय रसिक चंद्र मंडल मंगलवार को जेल से बाहर आ गए।रसिक ने 1988 में जमीन के विवाद में अपने भाई सुरेश की घर में घुसकर हत्या की थी, जिसके बाद उनको जेल हुई। 1994 में उनको उम्र कैद की सजा मिली थी। गिरफ्तारी के समय रसिक 68 साल के थे। जीवन के 3 दशक बंद रहने के बाद वे बाहरी दुनिया में असहज महसूस कर रहे हैं। रसिक का अपने भाई सुरेश मंडल से उपजाऊ भूमि के हिस्से को लेकर झगड़ा था, जिसके बाद रसिक ने सुरेश को गोली मारी थी। विधवा की शिकायत पर रसिक गिरफ्तार हुए और उन पर मुकदमा चला। ट्रायल कोर्ट ने 1994 में रसिक और पड़ोसी जतिन मंडल को दोषी पाकर उम्र कैद की सजा सुनाई।कुछ साल पहले रसिक और जतिन 1 साल की पैरोल पर बाहर आए थे, तब जतिन की मौत हो गई और रसिक वापस जेल चले गए। रसिक वापस जेल गए तो उन्होंने सत्र और कोलकाता हाई कोर्ट में अपनी जमानत के लिए याचिका लगाई, लेकिन सभी खारिज कर दी गई। उसके बाद वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे।7 मई, 2021 को तत्कालीन न्यायमूर्ति ए अब्दुल नजीर और अब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने बंगाल सरकार को नोटिस जारी कर रसिक की मानसिक और शारीरिक हालत पूछी थी। राज्य सरकार द्वारा रसिक को स्वस्थ्य बताने पर सुप्रीम कोर्ट ने 29 नवंबर को जमानत दे दी।

# गाजीपुर बॉर्डर पर जाम में फंसे लोगों का फूटा गुस्सा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प

## राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी

नईदिल्ली, 05 दिसम्बर [एजेंसी]।



दिल्ली से सटे गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गाजीपुर बॉर्डर पर बुधवार को भारी ट्रैफिक जाम हो गया। दरअसल राहुल गांधी संभल जा रहे थे और कांग्रेस कार्यकर्ता रोड पर आ गए। बैरिकेडिंग के कारण ट्रैफिक जाम फंसे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और नारेबाजी शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ जाम में फंसे लोगों ने नारेबाजी भी की। बताया जा रहा है कि नारे लगाने वालों को कांग्रेस समथकों ने पीट दिया। इसके बाद आम लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और यात्रियों के बीच झड़प का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कांग्रेस समर्थक कुछ लोग नारेबाजी कर रहे यात्रियों को हटा रहे हैं और उसके साथ बहस भी कर रहे हैं। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि कांग्रेस समर्थक कुछ लोगों को पीट भी रहे हैं और धक्का देकर वहां से हटा रहे हैं। ग़ाज़ीपुर बॉर्डर पर फंसे एक यात्री का कहना है कि मुझे कुछ भी नहीं पता कि हमें क्यों रोका गया है। अगर राहुल गांधी सड़क के दूसरी तरफ हैं तो यह सड़क क्यों अवरुद्ध है। जनता को क्यों परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं एक अन्य यात्री का कहना है कि हम बस यही चाहते हैं कि हमारा रास्ता साफ हो। मैं 80 साल का हूं। मैं दिल्ली से आ रहा हूं। मेरे भाई की मृत्यु हो गई है और मैं यहां से जाना चाहता हूं ताकि हम कम से कम उसके अंतिम संस्कार में शामिल हो सकें। हम कहां जाएंगे। हम यहां एक घंटे से अधिक समय से इंतजार कर रहे हैं। यहां बहुत सारे लोग इंतजार कर रहे हैं, किसी को ऑफिस जाना है, किसी को कोई आपात स्थिति है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से कहा गया है कि नारेबाजी कर रहे लोग आम जनता नहीं बल्कि बीजेपी के कार्यकर्ता थे। फिलहाल मौके से सभी को हटा दिया गया है। पुलिस मौके पर तैनात है। राहुल गांधी भी वापस दिल्ली चले गए हैं।

## सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि संसद की शीतकालीन सत्र चल रहा है। इस सत्र में इंडी गठबंधन का बिखराव देश की जनता को साफ और स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में नियम 267 के तहत अर्थात सभी कार्य रोक कर कोई मुद्दा डिस्कस किया जाए, इसके तहत 42 नोटिस आए थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि नोटिस 9 अलग-अलग विषयों के लिए आए थे। इंडी गठबंधन के किसी भी दल ने, किसी दो दलों ने एक विषय के लिए नहीं दिया था। यह स्पष्ट था कि कांग्रेस जो अपना एजेंडा लेकर चल रही थी, इंडी गठबंधन के बाकी दलों ने अपनी राह खुद तय कर ली। सदन के पटल पर सहयोगी दलों को साथ में लेने की असफलता के बाद आज राहुल गांधी उस विवशता में एक रस्म अदायगी करने के लिए उत्तर प्रदेश के संभल में जाने की कोशिश करते नजर आए।भाजपा नेता ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने कहा है कि कांग्रेस औपचारिकता निभा रही है।



## सूर्या 44 में डांस नंबर करती दिखेंगी श्रिया सरन, गाने की रिलीज पर दिया बड़ा अपडेट

श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर चर्चा जोरो पर है। बीते दिनों खबरें थीं कि श्रिया फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 से जुड़ गई हैं। वहीं, अब इन रिपोर्ट्स पर खुद अभिनेत्री ने पक्की मुहर लगा दी है। साथ ही अपने बयान से प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाती नजर आई हैं।

अभिनेत्री श्रिया सरन ने हाल ही में कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक गैंगस्टर ड्रामा सूर्या 44 में स्पेशल डांस नंबर में अपनी भागीदारी की पुष्टि की। गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में अपनी भूमिका के बारे में बोलते हुए उन्होंने खुलासा किया, मैंने सूर्या सर की फिल्म में एक गाना शूट किया है। इसे शूट करने का अनुभव काफी अच्छा रहा। मुझे लगता है कि गाना दिसंबर में आ रहा है।

गोवा में एक विशेष रूप से निर्मित सेट पर फिल्माया गया यह गाना श्रिया की सुंदरता और ऊर्जा को उजागर करते हुए एक शानदार विजुअल ट्रीट देने का वादा करता है। इस डांस नंबर में सूर्या भी हैं। यह गाना निश्चित रूप से फिल्म के मुख्य आकर्षण में से एक होगा। श्रिया ने अपने आगामी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट पर भी बात करते हुए कहा, मैं एक आगामी पैन-इंडिया प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं, और शूटिंग तीन दिनों में शुरू होगी। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बारे में अधिक जानकारी देने से परहेज किया।

सूर्या 44 के निर्माताओं ने हाल ही में फिल्मांकन पूरा किया है। फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है। फिल्म में पूजा हेगड़े भी हैं और इसमें जयराम, जोजू जॉर्ज और करुणाकरण सहित कई शानदार सहायक कलाकार हैं। 10 अप्रैल, 2025 को भव्य रिलीज के लिए तैयार, फिल्म में संतोष नारायणन का संगीत और शफीक मोहम्मद अली का संपादन है। यह सूर्या की 2डी एंटरटेनमेंट और कार्तिक सुब्बाराज की स्टोन बेंच फिल्म्स द्वारा सह-निर्मित है।

## मलाइका अरोड़ा ने बिखेरा हुस्न का जलवा खुली जुल्फों में देखें स्टाइलिश फोटोज

मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड फिगर और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के चलते सोशल मीडिया पर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका स्टनिंग लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने बेहद ही स्टाइलिश फोटोशूट करवाया है। इस दौरान उन्होंने रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा 50 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आज भी अपनी खूबसूरती से यंग गर्ल्स को इंस्पायर करती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने ब्लैक कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही हॉट फोटोशूट करवा रही हैं।

बालों को कर्ली स्टाइल में लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइक अरोड़ा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

मलाइका अरोड़ा भले ही इन दिनों किसी फिल्म में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।



# पीरियड्स के दौरान स्विमिंग करने से इंफेक्शन का होता है खतरा ?

क्या आपको बताया गया है कि मासिक धर्म के दौरान तैरना सुरक्षित नहीं है? अगर ऐसा है, तो आपको गलत जानकारी दी गई है. मासिक धर्म के दौरान तैरना आपके लिए बिल्कुल ठीक है. मासिक धर्म के दौरान आप लगभग हर वो काम कर सकती हैं जो आप महीने के बाकी समय में करती हैं. और हां, इसमें तैराकी से लेकर सेक्स तक सभी गतिविधियां शामिल हैं.

तैराकी के लिए मासिक धर्म उत्पादों के लिए आपका सबसे अच्छा विकल्प या तो टैम्पोन या मासिक धर्म कप है. पैड काम नहीं करते क्योंकि वे गीले होने के बाद आपके मासिक धर्म प्रवाह को अवशोषित नहीं कर सकते. आपके स्विमवियर पर दिखाई देने वाले दाग पड़ सकते हैं, और आपका कुछ प्रवाह पानी में लीक हो जाएगा.

तैराकी के लिए टैम्पोन का उपयोग करते समय, आपको उच्च अवशोषण क्षमता वाले टैम्पोन की आवश्यकता हो सकती है. कुछ पानी टैम्पोन द्वारा अवशोषित हो जाएगा, जिससे यह थोड़ा फूल जाएगा और आपके प्रवाह के लिए कम अवशोषण क्षमता होगी. आपको लग सकता है कि आपको अपना टैम्पोन अधिक बार बदलना होगा.

पीरियड्स को लेकर ऐसे मिथ जो समाज में है

यह एक आम मिथक है कि पीरियड्स के दौरान समुद्र में तैरने से शार्क एट्रैक्ट होते हैं. वास्तव इस बात के कोई सबूत नहीं है. इंटरनेशनल शार्क अटैक फ़ाइल के अनुसार, आप मासिक धर्म के दौरान भी सुरक्षित रूप से स्कूबा डाइव कर सकती हैं. द शार्क रिसर्च इंस्टीट्यूट की संस्थापक और कार्यकारी निदेशक मैरी लेविन कहती हैं कि इसमें कोई समस्या नहीं हुई. उन्होंने मदर जोन्स से कहा,मैं दशकों से गोताखोरी कर रही हूं और यहां तक कि हैमरहेड्स के झुंड के साथ पानी के नीचे रहते हुए भी मेरा पीरियड्स हुआ - शार्क को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी. तो आप समझ ही गए होंगे कि शार्क को इस बात की परवाह नहीं है कि आप पीरियड्स के दौरान हैं या नहीं.

क्या मासिक धर्म के दौरान तैरना अनहेल्दी है?

धर्म के दौरान स्वच्छता को लेकर चिंताएं आम बात हैं. स्विमिंग पूल में क्लोरीन मौजूद होते हैं. क्लोरीन बैक्टीरिया और अन्य रोगाणुओं के



विकास को रोकता है. लेकिन पीरियड्स के दौरान थोड़ी दिक्कत हो सकती है.

पीरियड्स के दौरान स्विमिंग करने से इंफेक्शन का खतरा काफी ज्यादा होता है?

एक रिसर्च के मुताबिक पीरियड्स के दौरान तैरने से इंफेक्शन होने का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. इसके कारण दस्त, उल्टी, फ्लू जैसे लक्षण और खांसी या भीड़भाड़ जैसी जगहों में जाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे सांस संबंधी समस्याएं हो सकती है. पीरियड्स के दौरान काफी ज्यादा देर तक पानी में रहने के कारण खुजली, जलन और यीस्ट जैसे इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है. तैर सकते हैं लेकिन ज्यादा देर तक नहीं तैरना चाहिए.

क्या तैराकी करते समय टैम्पोन का इस्तेमाल कर सकते हैं

जब आप अपने पीरियड्स में हों और आप तैराकी करना चाहती हों, तो टैम्पोन एक बेहतरीन विकल्प है. पानी में उतरने से पहले टैम्पोन डालना सुनिश्चित करें ताकि यह पानी के बजाय मासिक धर्म के रक्त को सोख सके.

जब आप पानी से बाहर निकलें, तो आराम और स्वच्छता के लिए टैम्पोन को एक नए से बदल दें क्योंकि कभी-कभी टैम्पोन कुछ पूल या समुद्री पानी को सोख सकता है. कई लोगों के लिए, टैम्पोन का उपयोग करना एक विकल्प नहीं हो सकता है.

# सर्दियों में तमाम लोग नहाते हुए करते हैं ये गलती, डैंड्रफ की है सबसे बड़ी वजह

हर दिन नहाना लाइफस्टाइल से जुड़ी एक आदत है. जब तक आप गंदे या पसीने से तर न हो तब तक नहाने की कोई खास जरूरत है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक नहाने से आपकी त्वचा से हेल्दी ऑयल और बैक्टीरिया निकल जाते हैं. इसलिए ज्यादा नहीं नहाना चाहिए. बार-बार नहाने से आपकी त्वचा रूखी और खुजलीदार हो सकती है और खराब बैक्टीरिया फटी त्वचा के ज़रिए आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं. जब आप अपने शरीर को सामान्य गंदगी और बैक्टीरिया के संपर्क में लाते हैं. तो यह वास्तव में आपकी इम्युनिटी प्रणाली को मज़बूत करने में मदद करता है.

नहाते वक्त ये गलती भूल से भी न करें

एंटीबैक्टीरियल साबुन बहुत ज़्यादा बैक्टीरिया को मार सकते हैं. जिसमें अच्छे किस्म के बैक्टीरिया भी शामिल हैं. इससे एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिरोधी खराब बैक्टीरिया त्वचा में प्रवेश कर सकते हैं. कठोर साबुन आपकी त्वचा को रूखा कर सकते हैं. इसलिए अतिरिक्त तेल वाले हल्के साबुन, सौम्य क्लींजर या मॉइस्चराइज़र वाले शॉवर जेल का इस्तेमाल करें. अगर आपको एक्जिमा या



संवेदनशील त्वचा है. तो सुगंधित साबुन आपकी त्वचा को परेशान कर सकते हैं. इसके बजाय सुगंध रहित साबुन का इस्तेमाल करें.

सप्ताह में तौलिए को एक बार जरूर धोएं

नम तौलिए बैक्टीरिया, यीस्ट, फफूंद और वायरस के लिए प्रजनन स्थल होते हैं. गंदे तौलिये से नाखूनों में फंगस, जॉक खुजली, एथलीट फुट और मस्से हो सकते हैं. इससे बचने के लिए, अपने तौलिये को सप्ताह में कम से कम एक बार बदलें या धोएं और सुनिश्चित करें कि यह उपयोग के बाद सूख जाए. इसे जल्दी सूखने में मदद करने के लिए हुक से लटकाने के बजाय तौलिया बार पर फैलाकर लटकाएं. जब आप बीमार हों और अगर आपका घर नमी वाला हो. जैसे गर्मियों के दौरान, तो तौलिये को ज़्यादा बार धोएं.

लूफा को ऐसे साफ करें

लूफा स्क्रबिंग के लिए बहुत बढ़िया होते हैं. लेकिन उनके कोने कीटाणुओं के लिए एकदम सही छिपने की जगह होते हैं. आपको अपने लूफा को हर हफ़्ते पांच मिनट के लिए पतला ब्लीच में भिगोकर और अच्छी तरह धोकर साफ़ करना चाहिए. हालांकि अपने लूफा को शॉवर में रखना सुविधाजनक है. लेकिन इसे हिलाकर किसी ठंडी जगह पर टांग देना ज़्यादा सुरक्षित है जहां यह जल्दी सूख जाएगा .आपको प्राकृतिक लूफा को कम से कम हर 3 से 4 हफ़्ते में और प्लास्टिक वाले को हर 2 महीने में बदलना चाहिए



## वरुण धवन की बेबी जॉन में सलमान खान का कैमियो कंफर्म!

हाल ही में एक्स पर आस्क मी एनीथिंग सेशन में वरुण धवन ने अपनी अपकमिंग फिल्म बेबी जॉन में सलमान खान के कैमियो को कंफर्म कर दिया है. कलीस द्वारा निर्देशित यह फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है इसी बीच चर्चा जोरों पर थी कि सलमान फिल्म में स्पेशल कैमियो में नजर आने वाले हैं. लेकिन इसका ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ था. अब हाल ही में वरुण ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा हिंट दे दिया है जिससे कंफर्म हो गया है कि सलमान बेबी जॉन में नजर आएंगे.

वरुण धवन की अगली फिल्म बेबी जॉन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ऐसे में हाल ही में एक्टर ने फिल्म के बारे में एक बड़ा हिंट दिया है. वरुण ने हाल ही में पुष्टि की है कि एक्शन-थ्रिलर में सलमान खान कैमियो करेंगे. इसका पता चलते ही फैंस की खुशी दोगुनी हो गई है, हाल ही में एक्स पर आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान उन्होंने कैमियो के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारी भी शेयर की. इस सेशन के दौरान एक फैन ने पूछा, भाई का कैमियो बेबी जॉन में कितने मिनट का है? इस पर वरुण ने जवाब दिया, मिनट नहीं बोलूंगा, इसका इफेक्ट काफी महीनों तक रहने वाला है.

इससे पहले, बेबी जॉन के मेकर्स ने फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसे टेस्टर कट कहा जा रहा है. फिल्म में वरुण एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, और एक बेटी के सिंगल फादर भी हैं. बेबी जॉन के टीजर की शुरुआत एक बच्ची से होती है, जो कि वरुण धवन की है. बच्ची अपने पापा वरुण के बारे में बताती है और दूसरी तरफ वरुण को टीजर में एक्शन करते दिखाया गया है. वरुण धवन पूरे टीजर में एक्शन लुक में ही दिख रहे हैं और वहीं टीजर में फिल्म की हीरोइन कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की झलक भी देखने को मिली है. दूसरी तरफ फिल्म में जैकी श्रॉफ बतौर विलेन नजर आने वाले हैं इसमें वे विलेन का रोल प्ले कर रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य -254

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |

# आधार अपडेशन के लिए धान खरीदी केंद्रों में शिविरों का आयोजन

## जिला प्रशासन की अपील: लाभार्थी बड़ी संख्या में पहुंच कर लाभ उठाएं



**कोरिया।** जिले में 'वन नेशन, वन राशनकार्ड' योजना के तहत ई-केवाईसी प्रक्रिया को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के उद्देश्य से आधार अपडेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर छिन्दडांड़, पटना, सरभोका, कटगोड़ी, सोनहत, बंजारीडांड और जिल्दा के धान उपार्जन केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है।

इस शिविर का उद्देश्य उन राशनकार्ड धारकों के आधार अपडेशन को पूरा करना है, जिनकी प्रक्रिया अभी लंबित है। जिला खाद्य विभाग ने सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे अपने और परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड के साथ शिविर में पहुंचें। बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के लिए भी यहां विशेष सहायता उपलब्ध होगी। शिविर में आधार अपडेशन प्रक्रिया पूरी करने के बाद लाभार्थी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (च्वै) के तहत राशन की निर्बाध सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। यह कदम राशन वितरण में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम है। जिला प्रशासन ने सभी लाभार्थियों से आग्रह किया है कि वे इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं और समय पर अपनी जानकारी अपडेट कराएं। इससे उन्हें भविष्य में राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह योजना लाभार्थियों को देशभर में किसी भी राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से राशन प्राप्त करने की सुविधा देती है। ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करना इस योजना का एक अनिवार्य हिस्सा है। जिला प्रशासन का यह प्रयास राशनकार्ड धारकों के लिए राहत लेकर आया है। इस पहल से राशन वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी और जरूरतमंदों को समय पर राशन मिल सकेगा।

## विधानसभा सत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त,तत्परता से कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश

**कोरिया।** षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक आयोजित होगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सत्र की तैयारी और विधानसभा प्रश्नों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय, कोरिया में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी उमेश कुमार पटेल सत्र के दौरान विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं और प्रस्ताव सूचनाओं की जानकारी संकलित करेंगे। संबंधित विभागों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा के भीतर तैयार कर राज्य शासन को भेजे जाएं। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने निर्देश दिए हैं कि सत्र के दौरान विधानसभा प्रश्नों और सूचनाओं का त्वरित, सटीक और समर्पित समाधान किया जाए। संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी तत्परता के साथ कार्य करें ताकि विधानसभा सत्र में किसी प्रकार की देरी या समस्या न हो। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस प्रक्रिया को गंभीरता से लें और विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय पर प्रस्तुत करें।

# जिला कोरिया में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, सात वाहन जप्त





**कोरिया।** कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज किए गए निरीक्षण के दौरान सात वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

खनिज अधिकारी भूषण कुमार पटेल और उनकी टीम ने ट्रेक्टर सीजी 16 सीएम 6930 वाहन चालक मनोज कुमार, वाहन मालिक वीर साय, सोल्ड महेन्द्रा ट्रेक्टर वाहन चालक हीरा सिंह, वाहन मालिक श्री सुशील साहू, सोल्ड महेन्द्रा ट्रेक्टर वाहन चालक रमेश कुमार, वाहन मालिक रामधनी, टेउ्रक्टर सीजी 16 ए 2321 वाहन चालक बब्लू, वाहन मालिक कमलेश साहू, टीपर सीजी 15 डीआर 2591 वाहन चालक सुरेश, वाहन मालिक राजू खटीक, टीपर सीजी 16 ए 2454 वाहन चालक प्रताप सिंह, वाहन मालिक रवि गुप्ता एवं मिनी ट्रक सीजी 16 ए 20 98 वाहन चालक अखिलेश कुमार, वाहन मालिक सुदर्शन है। इन सभी वाहनों को अवैध ईंट, रेत और गिट्टी परिवहन करते हुए पकड़ा गया। सातों वाहनों को समीपस्थ बैकुंठपुर, चरचा एवं पटना



थानों में अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग ने छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 और खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के नियम 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों से अर्थदंड की राशि खनिज मद में जमा कराई जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी गतिविधियों की जानकारी संबंधित विभाग को दें। यह कदम प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और कानून के सख्त पालन के लिए उठाया गया है।

## गुमशुदा की तलाश पुलिस ने पूरी की, खुशियां लौटी 28 घरों में

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने गुम इंसान की जांच को पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए 28 गुम इंसान को दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा गुम बालक,बालिका एवं गुम इंसान के मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित पतासाजी करने के लिए सभी थाना-चौकी प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए थे। उन्होंने गुम इंसान की जांच करने वाले विवेचकों को पूर्ण गंभीरता के साथ गुम इंसान को दस्तयाब करने सक्रियता से कार्य करने निर्देशित भी किया था। जिस पर सभी थाना चौकी प्रभारियों द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एवं परिजनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पतासाजी की कार्यवाही की गई। जिले में माह नवम्बर 2024 में 1 बालक, 3 बालिका, 8 पुरूष व 14 महिला कुल 26 गुम हुए थे। एक माह में अब तक 02 बालिका, 14 पुरूष एवं 12 महिला कुल 28 गुम इंसान की पतासाजी कर दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया है। पूर्व के भी 02 गुम इंसान भी शामील है। संवेदनशीलता के साथ गुम इंसान की पतासाजी कर 28 लोगों के घरों में सूरजपुर पुलिस ने खुशियां लौटाई है।

## बिना सूचना के ड्यूटी पर नहीं आने वाले दो पुलिस कर्मी किये गए निलंबित

**सूरजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर 03.12.2024 को रात्रि गश्त में तैनात अधिकारी व जवानों की आकस्मिक चेकिंग के लिए निकले, इस दौरान थाना प्रेमनगर क्षेत्र में आकस्मिक चेकिंग के दौरान रात्रि गश्त/रात्रि ड्यूटी चेक करने पर प्रधान आरक्षक ज्योतिष पटेल व आरक्षक सरफराज अहमद को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाया जो रात्रि गश्त/रात्रि ड्यूटी जैसे कार्य से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होकर कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने एवं महत्वपूर्ण ड्यूटी से अनुपस्थिति पर कोई भी अप्रिय घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रधान आरक्षक व आरक्षक के इस गैरजिम्मेदाराना एवं स्वेच्छाचारिता पूर्ण कृत्य पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र सूरजपुर संबद्ध कर दिया है और इस मामले की जांच एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी को सौंपी गई है।

# हर घर नल, हर घर जल-जल जीवन मिशन ने बदली ग्रामीणों की जिंदगी

**कोरिया के 13 गांवों में पहुंचा साफ पानी, हजारों परिवारों को मिली राहत**

**कोरिया।** पानी, जो जीवन का आधार है, उसकी कमी से जूझते ग्रामीण अब राहत की सांस ले रहे हैं। राज्य सरकार की जल जीवन मिशन योजना ने कोरिया जिले के सैकड़ों घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाकर न केवल जीवन को सरल बनाया है, बल्कि ग्रामीणों की दिनचर्या में बड़ा बदलाव भी लाया है।

सोनहत विकासखंड के पोड़ी ग्राम पंचायत के श्रीमती सुंदरी के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं। पहले उन्हें दूरदराज के कुओं और तालाबों से पानी लाना पड़ता था, जिससे न केवल समय, बल्कि मेहनत भी बहुत लगती थी। लेकिन अब घर में लगे नल से साफ पानी मिलने से उनकी जिंदगी आसान हो गई है। वे कहती हैं, ''अब मुझे बच्चे को छोड़कर पानी लाने की चिंता नहीं करनी पड़ती। यह सरकार का बड़ा उपहार है। ग्राम कछवाखोह के मानसिंह बताते हैं कि उनके लिए घर में नल लगने का सपना कभी हकीकत नहीं लग रहा था। पानी की किल्लत और आपसी झगड़ों ने उनके जीवन को कठिन बना रखा था। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत उनके घर तक नल कनेक्शन पहुंचा, और अब पानी की किचकिच से छुटकारा मिल गया है। मानसिंह भावुक होकर कहते हैं, ''यह हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं। 13 गांवों में 1477 घरों तक नल कनेक्शन पहुंच चुका है और हजारों ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी की सुविधा मिल रही है। कलेक्टर द्वारा लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है जहाँ खामियां है, उसे दूर किया जा रहा है और जिले के अन्य गांवों व घरों में भी शीघ्र नल कनेक्शन व पानी मिले इस पर कार्य



किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में न केवल पानी की समस्या का समाधान किया है, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाया है। इस पहल के लिए कोरिया जिले के ग्रामीण प्रशासन और अधिकारियों को जनता की ओर से धन्यवाद मिल रहा है। यह योजना न केवल जल संकट से राहत दिला रही है, बल्कि स्वास्थ्य, स्वच्छता और समय की बचत जैसे कई आयामों में ग्रामीणों की जिंदगी को बेहतर बना रही है। इन गांवों के लोग अब गर्व से कह सकते हैं, ''हर घर नल, हर घर जल।

(सफलता की कहानी)

## सुनीता ने बच्चों की पढ़ाई में किया पैसों का निवेश

**कोरिया।** जरूरत और अभाव न केवल संघर्ष का सबक सिखाते हैं बल्कि जीवन को दिशा भी देते हैं। कोरिया जिले के ग्राम जमड़ी की निवासी श्रीमती सुनीता साहू के जीवन में महतारी वंदन योजना ने ऐसा ही बदलाव लाया। तीन बच्चों की मां सुनीता साहू ने योजना से मिली राशि को बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए निवेश करना शुरू कर दिया है। भावुक होते हुए उन्होंने कहा, ''हम जैसे लोगों के लिए यह सहायता बहुत बड़ी है। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय ने हर महीने एक हजार रुपये देकर हमारे बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने का अवसर दिया है। श्रीमती सुनीता ने अब तक मिली राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई पर किया है और उन्हें भी यह समझाया है कि यह सहायता सरकार की पहल से संभव हुई है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''मुखिया जो कहते हैं, उसे पूरा कर रहे हैं। यह योजना हमारे जैसे जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। बता दें इस योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

**पीएमएवाय: सरजू के सपने हुए साकार**

## माँ कुंती बाई की स्मृति हमेशा इस नए आशियाना में होंगी

**कोरिया।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने एक और किसान परिवार का जीवन बदल दिया है। बैकुंठपुर विकासखण्ड ग्राम खाड़ा निवासी स्वर्गीय कुंती बाई के पुत्र 56 वर्षीय सरजू अब एक पक्के घर में अपने परिवार के साथ आरामदायक जीवन बिता रहे हैं।

सरजू ने बताया कि पहले उनका घर मिट्टी और खपरैल का था, जो बारिश के मौसम में पानी टपकने और कीड़े-मकोड़ों की समस्या से भर जाता था। सीमित स्थान और आर्थिक तंगी के कारण परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सरजू ने भावुक होकर कहा, हम किसान हैं और आर्थिक स्थिति भी कमजोर होने के कारण पक्का घर बनवाना हमारे लिए सपना जैसा था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेरी मां के नाम पर यह घर स्वीकृत हुआ। अब, उनकी यादें इस घर के साथ हमेशा हमारे साथ हैं। यह घर हमारी जिंदगी की बड़ी मुश्किलों का समाधान बन गया है। सरजू के परिवार के लिए यह योजना वरदान साबित हुई है। अब पक्के घर में न तो बारिश की चिंता होती है और न ही कीड़े-मकोड़ों की समस्या। पर्याप्त जगह होने के कारण परिवार के सभी सदस्य सहजता से रह पा रहे हैं। उन्होंने कहा, पुराने घर की सभी परेशानियां अब अतीत की बात हो चुकी हैं। यह घर मेरे परिवार के लिए सुरक्षा और सम्मान का प्रतीक बन गया है।

सरजू और उनके परिवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना न केवल उनके जीवन को बेहतर बना रही है, बल्कि हर जरूरतमंद परिवार के लिए एक नई उम्मीद जगा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हजारों परिवारों को पक्के मकान की सुविधा मिल रही है। यह योजना न केवल आवास प्रदान करती है, बल्कि बेहतर जीवन के सपने को साकार करती है। सरजू का परिवार आज इसी योजना की सफलता का एक उदाहरण है, जो यह दर्शाता है कि सही नीतियां आम जनता के जीवन में कितना बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

## पुलिस कर्मी की मृत्यु पर 12 वर्ष के बच्चे को बाल आरक्षक के रूप में दी अनुकंपा नियुक्ति



**सूरजपुर।** जिले की पुलिस विभाग में बारह वर्ष के बच्चे को नियुक्ति दी गई है। बाल आरक्षक के रुप में भर्ती किए गए बच्चे के पिता की असामयिक निधन के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। अपनी मां व छोटे भाई के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे बच्चे को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने नियुक्ति का आदेश प्रदाय किया। एसएसपी ने नियुक्ति आदेश के साथ बच्चों की पसंदीदा चॉकलेट भी प्रदाय किया और बाल आरक्षक को बेहतर शिक्षा दिलाने की दिशा मे उसकी मॉ को मार्गदर्शन दिया। एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि दिव्यांश जायसवाल को बाल आरक्षक के पद पर नियुक्ति दी गई है। इनके पिता मुन्ना प्रसाद आरक्षक के पद पर जिला सूरजपुर में पदस्थ थे। नौकरी के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने पर अनुकम्पा नियुक्त के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी सभी कार्रवाई पूरी करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति दिया गया है। बुधवार, 04 दिसम्बर 2024 को सभी प्रक्रिया पूर्ण होने पर दिव्यांश जायसवाल को पुलिस विभाग में बाल आरक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर आरक्षक के पद पर पदस्थ किया जाएगा। इस दौरान स्टेनो अखिलेश सिंह, बाल आरक्षक की मॉ व छोटा भाई मौजूद रहे।

## चावल व शक्कर चोरी के मामले में थाना चंदौरा पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** ग्राम सत्तीपारा निवासी उदित नारायण ने थाना चंदौरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 03-04 नवम्बर 2024 के दरम्यिानी रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा ग्राम पंचायत सत्तीपारा में स्थित उचित मूल्य की दुकान का ताला तोड़कर 11 बोरी चावल व 4-5 बोरी शक्कर को चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना चंदौरा पुलिस ने विवेचना के दौरान संदेही कौशल राजवाड़े को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने साथी भुपेन्द्र व रामविशाल के साथ मिलकर उचित मूल्य की दुकान से चावल व शक्कर चोरी किए है। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर दोनों को पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का सम्पूर्ण चावल व शक्कर कीमत 15400 रूपये का जप्त कर आरोपी कौशल राजवाड़े पिता आशा प्रसाद उम्र 27 वर्ष, रामविशाल उर्फ भगत पिता उमाशंकर उम्र 20 वर्ष व भुपेन्द्र कुमार पिता जीवधन राजवाड़े उम्र 24 वर्ष तीनों निवासी ग्राम सत्तीपारा, थाना चंदौरा को गिरफ्तार किया है।

## कार सवार तीन युवकों की मौत

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले में बुधवार सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह जिले के प्रतापपुर थाना इलाके के अंबिकापुर मार्ग पर गोटगांवा में एक सब्जी से लोड पिकअप वाहन तथा कार में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसें में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं इस घटना में अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए है।

## एसईसीएल खदान में हादसा, 2 श्रमिकों की मौत

**मनेन्द्रगढ़।** मनेंद्रगढ़ जिले में एसईसीएल खदान में सिर पर पत्थर गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। यह घटना खदान के अंदर ड्रेसिंग के दौरान हुई है। हादसा छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित राजनगर उपक्षेत्र के झिरिया अंडर ग्राउंड में हुआ है। हादसे के बाद खदान में कार्यरत श्रमिकों में भय का माहौल है । मिली जानकारी के अनुसार जिले के हसदेव क्षेत्र में एसईसीएल (साउथ ईस्टर्न कोलफ ील्ड्स लिमिटेड) की झिरिया अंडरग्राउंड कोयला खदान के अंदर ब्लास्टिंग के बाद ड्रेसिंग कार्य करते समय छत से पत्थर गिरने लगे और दो बड़े पत्थर श्रमिक लखन लाल और वॉल्टर तिर्की के सिर पर गिर गये जिससे दोनों श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गये। तत्काल दोनों को सेंट्रल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद छत को सपोर्ट देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रॉड और कैप्सूल की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। श्रमिकों का कहना है कि छत को सपोर्ट देने के लिए प्रयुक्त उपकरणों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस हादसे की तत्काल और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी प्रबंधन अधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। यह दुर्घटना न केवल श्रमिक सुरक्षा मानकों की कमी को उजागर करती है, बल्कि खनन क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल भी उठाती है।

## महतारी वंदन योजना ने शैल कुमारी के जीवन को बनाया सशक्त

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने पटना तहसील के ग्राम कौरांदामुड़ा की निवासी श्रीमती शैल कुमारी कुशवाहा के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। योजना से मिलने वाली राशि ने उनके घरेलू कार्यों में आर्थिक सहारा दिया है। श्रीमती शैल कुमारी ने बताया, ''जब पहली बार एक हजार रुपये का मैसेज मोबाइल पर आया, तो मैंने इसे पड़ोसी को दिखाया। पड़ोसी ने इसे ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला समझा। मैंने उस समय ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब अगले महीने फिर मैसेज आया, तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि यह राशि महतारी वंदन योजना के तहत मेरे खाते में आई है। तब मुझे इस योजना का महत्व समझ आया।'' अब तक मिली राशि का उपयोग शैल कुमारी घरेलू ज़रूरतों को पूरा करने और आवश्यक सामान खरीदने में कर रही हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''यह योजना हम जैसी महिलाओं को सशक्त बना रही है। सरकार का यह कदम हमारे जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है।

## रमिया के जीवन में महतारी वंदन योजना ने लाई रौनक

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने ग्राम जमड़ी की श्रीमती रमिया बाई के जीवन में खुशियों की नई किरण लाई है। इस योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपये उनके खाते में जमा हो रहे हैं, जिससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और खुशहाली आई है। श्रीमती रमिया बाई ने बताया, ''पहले बच्चों के लिए चॉकलेट, बिस्किट या खिलौने खरीदने के लिए बेटे और पति का मुंह देखना पड़ता था। लेकिन अब इस योजना की मदद से न सिर्फ बच्चों के लिए ये चीजें खरीद पा रही हूं, बल्कि अपने लिए श्रृंगार सामग्री भी ले रही हूं। उन्होंने यह भी बताया कि जब बेटियां मायके आती हैं, तो बेटियों के लिए साड़ी और अन्य सामान खरीदकर देती हैं। साथ ही, कुछ राशि बुढ़ापे के लिए बचाकर रख रही हैं।

# धान खरीदी में नया कीर्तिमान: विष्णु सरकार ने किसानों को दिया देश का सबसे ऊंचा दाम

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ की विष्णु सरकार ने किसानों की खुशहाली और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी में एक बार फिर इतिहास रच दिया है। इस वर्ष प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये तय किया गया है, जो देश में सबसे अधिक है। इसके साथ ही, सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की सुविधा देकर किसानों को बड़ी राहत दी है।

ग्राम सरडी के किसान रमेश दुबे ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 200 क्विंटल धान बेचा है। रमेश ने कहा, पिछले साल 'कृषक उन्नति योजना' के तहत मिले 1.80 लाख रुपये से हमने एक ट्रैक्टर खरीदा और खेत में दो बोरवेल भी लगवाए। इस बार भी योजना से मिलने वाली राशि से एक और बोरवेल लगवाने और एक ट्रैक्टर खरीदने की योजना है। विष्णु सरकार की नीति ने हमारी खेती और जीवन को बदल दिया है। अब हम केवल आत्मनिर्भर ही नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। इसी तरह, बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम खरवत के किसान चन्द्रप्रकाश राजवाड़े ने भी इस कदम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, धान की खरीदी के लिए केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं पारदर्शी और सुव्यवस्थित हैं। बारदाना की उपलब्धता, तौल में पारदर्शिता और समय पर भुगतान से हमें किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो रही। कृषक उन्नति योजना से मिलने वाली



राशि ने हमारे परिवार के लिए आर्थिक सुरक्षा और सम्मान की राह खोल दी है। धान खरीदी प्रक्रिया में जिला प्रशासन की सक्रियता और योजना के सफल क्रियान्वयन ने किसानों का विश्वास मजबूत किया है। खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सरकार ने बारदाना, तौल और भुगतान को पूरी तरह पारदर्शी बनाया है। विष्णु सरकार की किसान-केंद्रित नीतियां छत्तीसगढ़ को कृषि के क्षेत्र में अग्रणी बना रही हैं। राज्य के किसान न केवल धान बेचकर लाभ कमा रहे हैं, बल्कि अपने खेतों में गेंहू, सरसों जैसी फसलें भी उगा रहे हैं। बेहतर समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना से मिलने वाले लाभ से किसान आधुनिक उपकरण, बोरवेल और अन्य संसाधन जुटाकर खेती को उन्नत बना रहे हैं। किसानों का कहना है कि विष्णु सरकार ने उन्हें न केवल मेहनत का उचित मूल्य दिया है, बल्कि उनके जीवन में समृद्धि और स्थायित्व का आधार भी तैयार किया है। इस ऐतिहासिक निर्णय से छत्तीसगढ़ के किसान देश के लिए एक मिसाल बन गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु सरकार ने कहा है, हमारी प्राथमिकता किसानों को सम्मान और समृद्धि देना है। कृषि छत्तीसगढ़ की आत्मा है, और हमारी सरकार इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ में यह योजना केवल एक आर्थिक पहल नहीं, बल्कि किसान सम्मान का पर्व बन चुकी है, जो राज्य को नई दिशा और पहचान दे रही है।

## पुल टूटने पर काम नही, ग्रामीण परेशान

**कोरबा।** ग्राम पंचायत चैतमा में रहने वाले ग्रामीण पिछले दो महिनों से काफी परेशान है। उनकी परेशानी की वजह बारिश के दौरान बांस टाल में बने पुल का क्षतिग्रस्त हो जाना है। कलेक्ट्रेट पहुंची गांव की महिला समूह का कहना है,कि क्षतिग्रस्त पुल के जिर्णोद्धार को लेकर किसी तरह का ध्यान लोक निर्माण विभाग नहीं दे रहा है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से यात्री बसें गांव के बस स्टैंड नहीं बाती और राजमार्ग से होते हुए अपने गंतव्य तक निकल जाती है। इस कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे स्कूल जाने के लिए दो किमी पैदल चलते हैं फिर बस पकड़कर स्कूल जाते है। महिलाएं चाहती है,कि क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत जल्द से जल्द किया जाए ताकी उनकी समस्या का समाधान हो सके।

## कायस्थ सम्मेलन लखनऊ में 8 को

**कोरबा।** अखिल भारतीय कायस्थ समाज का सम्मेलन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 8 दिसंबर को किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। प्रदेश सरकार के वन पर्यावरण मंत्री अरुण श्रीवास्तव अध्यक्षता करेंगे। गोरखपुर के महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव , कायस्थ पाठशाला प्रयागराज के प्रमुख आनंद प्रकाश को संयोजक बनाया गया है। बताया गया कि छत्तीसगढ़ के कोरबा, कोरिया, महेंद्रगढ़ भिलाई जशपुर नगर और अंबिकापुर से काफी संख्या में कायस्थ समाज के प्रतिनिधि इस सम्मेलन में शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार देशभर से लगभग 10000 की संख्या में प्रतिनिधियों की भागीदारी कार्यक्रम में होगी। इसके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है।

## लंबित मामलों पर चर्चा

**कोरबा।** एसईकेएमसी और एसईसीएल प्रबंधन के मध्य मुख्यालय में आईआर की वार्ता आयोजित की गई। बैठक में एरिया से आये पदाधिकारियों ने लंबित मामलों पर विचार विमर्श किया। कई बैठक होने के बाद भी कई ऐसे मामले पूरे नहीं हुए हैं। जिस पर चर्चा किया जाना जरूरी था। केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने आवास से संबंधित मामलों को उठाया और कहा कि निर्माण कार्यों के लिए आवेदन अधिकारियों के पास जमा किये गए हैं। उन कार्यों को तत्काल किये जाने की जरूरत है। यह समस्या सभी एरिया में बनी हुई है। बैठक में संदीप चौधरी, दीलिप सिंह, बीआर सुमन, निर्मल चंद्रा, एनके सिंह, गोपाल यादव, विकास शुक्ला, सतीश सिंह व संजीव शर्मा ने अपने-अपने एरिया के मामलों को प्रबंधन के सामने रखा। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि सभी मांगों को पूरा करने के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बसपा की श्रद्धांजलि सभा कल

**कोरबा।** बसपा द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विधानसभा स्तरीय होने वाले इस कार्यक्रम में अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। कोरबा विधानसभा में प्रभारी एडी जांगड़े, जिलाध्यक्ष फू लचंद सोनवानी, विधानसभाध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे मौजूद रहेंगे। कटघोरा में डीआर जाटवर, सत्यजीत कुर्रे, मनोज हिरवानी, रामपुर में एसआर निराला, जगत राम राठिया, पाली में कन्हैया चौहान मौजूद रहेंगे। इन सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैयारी की जा रही है। भगवती केमेंडीज, राजकुमारी नारंगे, केशर सोनवानी, बाबूलाल टंडन, कार्तिक बाई, महेन्द्र निराला सहित सभी कार्यकर्ताओं ने अपील कर अधिक से अधिक संख्या में आने को कहा है।

# वादे से मुकरा एनटीपीसी, राखड़ बांध में काम ठप करेंगे प्रभावित ग्रामीण

### विधायक की उपस्थिति में लोगों को दिया था आश्वासन



**कोरबा।** 2600 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन की कोरबा परियोजना के धनरास स्थित में फ्लाई ऐश डाइक में 6 दिसंबर को कोई काम नहीं होगा। एनटीपीसी के प्रभावित लोगों ने यहां से जुड़ी हुई समस्या और प्रबंधन की वादाखिलाफी से नाराज होकर सुनिश्चित किया है इस बारे में प्रशासन और प्रबंधन को अवगत करा दिया गया है।

कोरबा जिले के कटघोरा सबडिवीजन के अंतर्गत नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन ने अपना फ्लाई ऐश डाइक स्थापित किया है, जहां पर पावर प्लांट से उत्सर्जित राखड़ पाइपलाइन के माध्यम से पहुंचती है। प्रतिदिन फ्लाई ऐश भंडारण इस स्थान पर होता है और बाद में इसे रोड ट्रांसपोर्ट के जरिए अन्यत्र भिजवाने की व्यवस्था की जाती है। फ्लाई ऐश डाइक से परिवहन की प्रक्रिया के दौरान ग्रामीण क्षेत्र का रास्ता भी पार करना होता है। ऐसे में रास्ते में कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो रही हैं जहां पर बड़ी मात्रा में फ्लाई ऐश के गिरने से वातावरण दूषित हो रहा है। लोगों के घरों के साथ-साथ उनके जल स्रोत से लेकर दैनिक उपयोग का सामान एवं फसल पर बुरा असर पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवक कांग्रेस फ्लाई ऐश से जुड़ी हुई इस समस्या को लेकर नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर नाराजगी जताने के साथ उनके रवैया को नकारात्मक बताया है। युवा कांग्रेस के नेता लक्ष्मी नारायण कंवर ने इस बारे में ऐलान किया है कि 6 दिसंबर को धनराश गांव में स्थित एनटीपीसी के फ्लाई ऐश डॉइक में कोई काम नहीं होने दिया जाएगा और ना ही फ्लाई ऐश के ट्रांसपोर्टिंग होने दी जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से एनटीपीसी प्रबंधन लोगों के सामाजिक और आर्थिक हितों को लेकर बेकद्री कर रहा है और उन्हें झूठे आश्वासन देने में लगा हुआ है। आखिर हम लोग एनटीपीसी के फायदे के चक्कर में लगातार नुकसान क्यों झेले। ग्रामीणों ने पूरे मामले में एनटीपीसी प्रबंधन के साथ-साथ प्रशासन के अधिकारियों को निशाने पर लिया है और कहां है कि दूसरों के हितों के चक्कर में ग्रामीण अब शांत नहीं बैठ सकते। इस निर्णय के बारे में सभी संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।। दावा किया गया कि धनरास में होने वाले इस आंदोलन में आसपास के लोग भी शामिल होंगे।

### विधायक के सामने झूठ बोला अधिकारियों ने

प्रदेश युवक कांग्रेस की ओर से कलेक्टर को बताया गया है कि फ्लाई ऐश डाइक से संबंधित मामलों को सुलझाने के लिए धसनराश में 26 अक्टूबर को एक बैठक रखी गई थी। कटघोरा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल बैठक में शामिल हुए थे। इस दौरान एनटीपीसी के अधिकारियों ने विधायक के सामने झूठ बोल दिया था कि 20 नवंबर 2024 तक सभी लंबित मामलों को निपटा दिया जाएगा। उनकी ओर से कहा गया था कि रोजगार के पेंडिंग मामलों को हल करने के साथ सिपेज के प्रकरण में 3 वर्ष की क्षतिपूर्ति और फसल को हुए नुकसान की भरपाई भी की जाएगी। इन तीनों चीजों के लिए जो समय सीमा तय की गई थी वह बहुत पहले पर हो चुकी है लेकिन अब तक कोई परिणाम नहीं आ सके हैं। आरोप लगाया गया कि एनटीपीसी प्रबंधन झूठ बोलने के मामले में बहुत एडवांस हो चुका है और उसे इस बात की परवाह नहीं रहती की किसके सामने किस प्रकार से बोलना है और फिर चाहे आगे जो भी हो।

## धीमे जहर ने बढ़ाई मुश्किलें लोगों ने किया चक्काजाम



**कोरबा।** कोरबा में राखड़ के परिवहन के कारण आम जनता का जीना दुश्वार हो गया है। नियमों को ताक पर रखकर भारी वाहनों में राखड़ का परिवहन किया जा रहा है,जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ओव्हरलोड वाहनों से गिरने वाली राख के कारण लोग काफी परेशान हैं यही वजह है कि नकटीखार गांव में रहने वाले लोगों ने कोरबा-उरगा बायपास मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। लोगों के प्रदर्शन से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

समय के साथ ही कोरबा जिले में राखड़ की समस्या काफी विकराल हो गई है। पॉवर प्लांट से निकलने वाली राख की उपयोगिता शत् प्रतिशत साबित नहीं होने के कारण ये अब लोगों के जी का जंजाल बन गया है। भारी वाहनों के माध्यम से राखड़ का परिवहन किया जा रहा है,जिसे कहीं भी फेंक दिया जाता है जिसके बुरे परिणाम सामने आ रहे है। ओव्हरलोड वाहनों से गिरने वाली राख ने नकटीखार गांव में रहने वाले लोगों का जीना हराम कर रखा है। राख के कारण प्रदूषण का दायरा काफी बढ़ गया है यही वजह है,कि लोगों ने परेशान होकर कोरबा-उरगा बायपास मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। लोगों के प्रदर्शन से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों का आरोप है,कि राख की समस्या का समाधान करने को लेकर जिला प्रशासन कोई प्रयास नहीं कर रही।

पंचायत की सरपंच के नेतृत्व में चक्काजाम प्रदर्शन चल रहा है। मार्ग पर लाम लगने के कारण वाहन के पहिए जहां तहां थम गए है। प्रशासन का कोई भी अधिकारी लोगों से बात करने मौके पर नहीं पहुंचा है। गांव के ग्रामीण आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है। उन्होंने स्पष्ट रुप से कह दिया है,कि समस्या का स्थाई समाधान मिलने पर ही प्रदर्शन को समाप्त किया जाएगा।

# कृत्रिम अंग शिविर में अब तक 70 ने कराया पंजीयन



**कोरबा।** कटघोरा में कृत्रिम अंग और प्रत्यारोपण शिविर का 3 दिवसीय आयोजन आज से शुरू हो गया है। सात दिसंबर तक शिविर चलेगा। इसमें अलग-अलग प्रकार से जरूरत महसूस करने वाले लोगों को कृत्रिम अंग दिए जाएंगे। सहायक सामाग्री का वितरण भी किया जाना है।

मारवाड़ी युवामंच और नवचेतना शाखा कटघोरा ने हरद्वारीलाल व प्रभावती देवी गर्ग की स्मृति में यह शिविर आयोजित किया है। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से हो रहे इस आयोजन में अब तक 70 की संख्या में लोगों ने अपना पंजीकरण लाभान्वित होने के लिए कराया है। सहायक मंत्री पियुष अग्रवाल ने बताया कि संबंधितों की जांच और नापजोक की गई है। अगले दो दिन तक उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर में सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। विभिन्न समाज के लोग इस शिविर में अपना सहयोग दे रहे हैं।

## मौसम खुलने से धान खरीदी में तेजी

**कोरबा।** कोरबा जिले में धान की खरीदी का काम अब धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है 65 स्थान पर धान क्रय की जा रही है। 3100 प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करने वाला छत्तीसगढ़ ऐसा प्रदेश बन गया है जहां पर उच्चतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। बताया गया कि 41 समितियां के अंतर्गत उपार्जन केंद्र की व्यवस्था की गई है और वह पंजीकृत अनाज उत्पादकों से उनकी पैदावार को लिया जा रहा है। 14 नवंबर से उपार्जन का काम औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया लेकिन अनेक केदो में काफी विलंब से पैदावार की पहुंचे हो सकी। बताया गया कि धान की कटाई और दूसरे कारण से इसमें विलंब हुआ।

## पोखरी का पानी मंजूर नहीं मानिकपुर में अलग व्यवस्था करेगा निगम

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में जलापूर्ति कराने के लिए नगर पालिक निगम से कहा गया था क्योंकि मानिकपुर कालोनी में पोखरी से जलापूर्ति की जाती है। वहां के नागरिक पोखरी के पानी को लेने के लिए तैयार नहीं है। जिसे लेकर एसईसीएल प्रबंधन ने नगर पालिक निगम से कालोनी में जलापूर्ति कराने का प्रयास किया था। इसके लिए यूनियन प्रतिनिधि भागवत सिंह, प्रमोद बेनर्जी, संजय सिंह, लनिन पवार, उज्जवल बनर्जी, राजू श्रीवास्तव, जी राजेश सहित अन्य नेताओं द्वारा प्रयास किये गए थे। मामले को प्रबंधन के सामने रखा गया था। जिसके बाद नगर पालिक निगम से जलापूर्ति के लिए पैसे भी जमा कर दिए गए थे। टेंडर होने के बाद कालोनी में पाईप लाईन बिछाने का काम लगातार जारी है। कयास लगाया जा रहा है कि कुछ दिनों बाद कालोनी में जलापूर्ति शुरू हो जाएगा। क्योंकि पाईप लाईन लगाने का काम लगभग समाप्ति की ओर है। देरी होने पर नए वर्ष में कालोनी के लोगों को पेयजल मिलना तय है।

## सर्वमंगला मंदिर में गुरू पूजन

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार द्वारा 16 दिसंबर को सर्वमंगला मंदिर में गुरूपूजन आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारी हरिश राजवाड़े , एवन कश्यप, हेमेन्द्र बरेठ, एसआर जगत, धनीराम साहू, घनश्याम साहू सहित अन्य साधकों द्वारा की जा रही है। साधक परिवार द्वारा महीने के 21 तारीक को भी गुरू पूजन आयोजित किये जाते हैं। पखना पारा व ढेलवाडीह में कई बार कार्यक्रम हो चुके हैं। धीरे-धीरे कोरबा के साधकों में सक्रियता बढ़ती जा रही है।

*__कोरबा।__ कोयलांचल गेवरा-दीपका में लगभग तीन करोड़ की लागत से पूर्व में बनाए गए ओवरब्रिज को डिस्मेंटल किया जा रहा है। इसे लोगों ने बर्बादी बताया है।

# सैर सपाटे के साथ सुरक्षा को ध्यान में रखना जरूरी, दी जा रही समझाईश

**कोरबा।** शीतकाल में जिले के टूरिस्ट स्पॉट में भीड़ बढ़ रही है। प्रकृति का सौंदर्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। कई प्रदेशों के लोगों की पहुंच ऐसे स्पॉट पर हो रही है। कुछ स्थानों पर खतरे हैं इसलिए पुलिस और नागरिक समिति पर्यटकों को सचेत कर रही है कि इन्ज्वाय जरूर करें पर सुरक्षा का ध्यान रखें।

कोरबा जिले के देवपहरी का गोविंद झुंझा जल प्रपात, परसाखोला बालको नगर, खेतार,बुका जल विहार और झोरहाघाट के साथ-साथ केंदई जलप्रपात लोगों की पहली पसंद है। सतरेंगा का महादेव प्रकृति दर्शन भी बीते कुछ समय से लोगों की जुंबा पर है। इन सभी स्थानों को प्रकृति ने संवारा है और खास बनाया है।



अलग-अलग कारणों से इन स्थानों पर कुछ प्वांइट ऐसे भी है, जहां हादसे का डर बना रहता है, इसे लेकर लोगों को सचेत किया जाता रहा है।

## संगठन चुनाव को लेकर भाजपा जिला प्रभारी लेंगे बैठक

**कोरबा।** संगठन चुनाव को देखते हुए भाजपा के जिला चुनाव प्रभारी दो-तीन दिनों भीतर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर मंडल में चुनाव कराने तारीक तय करेंगे। बैठक में मंडल के सभी चुनाव अधिकारियों को बुलाया गया है।

जिला चुनाव सहप्रभारी संजय भावनानी ने बताया कि बूथ में चुनाव लगभग संपन्न हो चुके है। मंडलों में चुनाव कराने के लिए कार्यशाला भी लगाई गई थी। अब चुनाव के लिए तारीख तय किये जाएंगे। बैठक में मंडल चुनाव अधिकारी टिकेश्वर राठिया, आकाश सक्सेना, विकास महतो, सतविंदर बग्गा, प्रफुल्ल तिवारी, आरीफ खान, ज्योतिनंद दुबे, जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, प्रफुल्ल तिवारी, डॉ. आलोक सिंह, सतीश झा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। जांजगीर के जिला चुनाव प्रभारी जोगेश लांबा भी हैदराबाद से लौटने के बाद जांजगीर में जाकर बैठक लेंगे और चुनाव कराने तारीक तय किये जाएंगे।

## मंगल प्रतीकों से अल्पना बनाकर की तीसरे गुरुवार को की अगहन पूजा

**कोरबा।** अघन मास के गुरुवार को लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन हिंदू महिलाएं सुख, समृद्धि, और संपदा की प्राप्ति के लिए आस्था और श्रद्धा के साथ पूजा-अनुष्ठान करती हैं। कोरबा और आसपास के क्षेत्रों में इस परंपरा का विशेष रूप से पालन किया गया, जहां सुबह ब्रह्म मुहूर्त में महिलाएं पूजा के लिए एकत्रित हुईं।

पूजा के दौरान घंटियों की मधुर ध्वनि और आरती के गीतों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता और उल्लास से भर दिया। इस अनुष्ठान के लिए महिलाओं ने एक दिन पूर्व ही तैयारियां पूरी कर ली थीं। विशेष रूप से चावल के आटे से सुंदर अल्पना (रंगोली) बनाई गई, जिसमें शुभता का प्रतीक माने जाने वाले चित्र जैसे कमल, स्वस्तिक, और अन्य धार्मिक चिह्नों को अंकित किया गया। यह पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि परिवार और समाज में सकारात्मक ऊर्जा, शांति, और खुशहाली लाने का भी एक माध्यम मानी जाती है।



## परीक्षा नजदीक, कोचिंग सेंटर में भीड़ बढ़ी

**कोरबा।** 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए ज्यादा दिन बाकी नहीं है इसलिए कोरबा नगर और आसपास में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर्स में विद्यार्थियों की भीड़ में बढ़ोतरी नजर आ रही है। इनमें से कई पुराने सेंटर है जबकि कुछ नए-नए सामने आए हैं। बताया गया कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में कोचिंग सेंटर के संचालन करने वालों ने कई प्रकार के ऑफर्स विद्यार्थियों के लिए लांच किए हैं और कई प्रकार के दावे भी किए गए हैं। विद्यालय में होने वाली पढ़ाई और शिक्षकों के द्वारा दिए जाने वाले मार्गदर्शन को विद्यार्थी कितना ग्रहण करते हैं यह उनकी समझ पर निर्भर करता है। घर पर पढ़ाई करने के साथ उन्हें और ज्ञान की जरूरत है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com